

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 232

ग्वालियर, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# टूरिज्म प्लान ऐसा हो जिससे देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित हों : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने देखा ग्वालियर टूरिज्म प्लान का प्रजेण्टेशन

### आठ बिंदुओं के आधार पर एक माह में प्लान को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं सांसद श्री शेजवलकर की मौजूदगी में हुआ प्रजेण्टेशन

ग्वालियर । राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर ग्वालियर के पर्यटन को उभारने के लिए टूरिज्म प्लान को इस प्रकार से अंतिम रूप दें, जिससे देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित हों। इस आशय के निर्देश केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संबंधित अधिकारियों को दिए। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर के टूरिज्म को ब?ावा देने के लिये तैयार किए गए टूरिज्म प्लान का गुरूवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रजेण्टेशन देखा और विस्तार से समीक्षा की।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने प्रजेण्टेशन देखने के बाद ग्वालियर के टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप देने के लिये आठ बिंदु बताए हैं। इसके आधार पर अगले एक महीने के भीतर टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप देने के निर्देश उन्होंने कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी की सीईओ को दिए हैं।



इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल व साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्वालियर टूरिज्म को लेकर उपयोगी सुझाव दिए। इस दौरान संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने लोकल टूरिज्म को ब?ावा देने का सुझाव दिया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने भी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र की समृद्ध पर्यटन विरासत के बारे में ग्वालियरवासियों को जागरूक करें, जिससे स्थानीय लोगों में पर्यटन के प्रति रूचि पैदा हो और वे जब बाहर जाएँ तब दूसरे क्षेत्र के लोगों को भी यहां के पर्यटन की खूबियां गिना सकें।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि टूरिज्म को बढ़ावा देने को लिए गए निर्णयों को समय-सीमा के भीतर धरातल पर लाएँ। साथ ही ग्वालियर के ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों को समाहित कर पर्यटन बुकलेट भी तैयार कराई जाए। उन्होंने पर्यटन स्थलों के समग्र विकास की क?ी में पहुंच मार्गों को खूबसूरत बनाने पर भी बल दिया।

### इन बिंदुओं के आधार पर दिया जाएगा टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप देने के लिये महत्वपूर्ण बिंदु बताए हैं। इनमें पर्यटकों की रूचि को ध्यान में रखकर सर्किट रूट का निर्धारण अर्थात हैरीटेज, संस्कृति, संगीत इत्यादि के आधार पर पर्यटन सर्किट का निर्धारण शामिल हैं। उन्होंने विशेषज्ञ टूरिज्म एडवाइजर नियुक्त करने, पर्यटकों की सुरक्षा व पर्यटन के लिहाज से विशेष यातायात वाहन, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन वेबसाइट, स्थानीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट को ब?ावा, एडवेंचर स्पोर्ट्स मसलन पैराग्लाइडिंग, चंबल राफ्टिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, स्थानीय खूबियों को बताते हुए टूरिज्म की ब्राण्डिंग, ग्वालियर के उत्तरी दिशा में मुरैना व आगरा की ओर के पर्यटन स्थल को जो?ते हुए टूरिस्ट सर्किट एवं दक्षिण दिशा में झांसी व चंदेरी इत्यादि को जो?ते हुए टूरिस्ट सर्किट शामिल हैं। टूरिज्म को ब?ावा देने के उद्देश्य से मूर्तरूप दिए जाने वाले ऐसे कार्य जो बिना ब? खर्च के तुरंत धरातल पर लाए जा सकते हैं और ऐसे कार्य जिनके लिये वित्त पोषण की जरूरत होगी, जिससे शासन स्तर और अन्य प्रयासों से धनराशि की व्यवस्था की जा सके।

## चीन बॉर्डर पर बन रही सेला सुरंग का राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली** / रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज %राष्ट्रीय युद्ध स्मारक% से बीआरओ द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली अभियान को झंडी दिखाकर रवाना किया। अरुणाचल प्रदेश में बन रही सेला सुरंग के आखिरी चरण का दिल्ली से उद्घाटन करने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, बीआरओ की उपलब्धियां दुनिया में अध्ययन करने का विषय है। चाहे दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बना अटल टनल हो, या दुनिया का सबसे ऊंचा मोटरेबल पास हो, या अंतिम पड़ाव पर पहुंचा सेला सुरंग हो। राजनाथ दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से बटन दबाया और सुरंग में विस्फोट के साथ ही परियोजना के आखिरी चरण का काम शुरू हो गया। सेला सुरंग का निर्माण कार्य जून 2022 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सुरंग सेला दर्रे से होकर गुजरती है और उम्मीद है कि इस परियोजना के पूरा होने पर तवांग के जरिए चीन सीमा तक की दूरी 10 किलोमीटर कम हो जाएगी। सुरंग से असम के तेजपुर और अरुणाचल प्रदेश के तवांग में स्थित सेना के 4 कोर मुख्यालयों के बीच यात्रा के समय में कम से कम एक घंटे की कमी आएगी।तेजपुर में सेना का 4 कॉर्प्स का मुख्यालय है जो अरुणाचल प्रदेश पर दृष्टि रखता है। भारत-चीन सीमा पर स्थित तवांग का द्वार भी तेजपुर ही है। असम के नगांव जिले में स्थित एक बड़े सैन्य बेस मीसा से उत्तरी तट पर स्थित तेजपुर तक वाहनों का आवागमन सिर्फ ब्रह्मपुत्र पर बने कलियाभोमोरा पुल पर निर्भर है। यदि किसी संघर्ष की स्थिति में उसपर हमला होता है या वह क्षतिग्रस्त होता है तो उस सड़क से पश्चिमी अरुणाचल प्रदेश तक पहुंच पाना बहुत कठिन होता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए भूमिगत सुरंग बनाई जाएगी। 12-15 किलोमीटर लंबी इस सुरंग की अनुमानित लागत 5,000 करोड़ रुपये की है और यह देश में किसी नदी के नीचे बनी सुरंग के माध्यम से पहला सड़क मार्ग होगा। 1962 के युद्ध में चीनी सेना तवांग को पार करके तेज़पुर से 20 किलोमीटर की दूरी तक पहुँच गई थी जो युद्ध समाप्ति के बाद पीछे हटी थी। भारतीय रेलवे भी भलुकपोंग (असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर स्थित, तेज़पुर से लगभग 58 किलोमीटर दूर) से तवांग के बीच एक ब्रॉड गेज लाइन बना रही है। भलुकपोंग से तवांग के बीच बनने वाले 378 किलोमीटर रेल मार्ग का लगभग 80 प्रतिशत भाग सुंरगों से गुज़रेगा ताकि पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचे। रेल मार्ग सेला दर्रे से भी गुज़रेगा जो समुद्र तल से 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भलुकपोंग छोर से रेल मार्ग के लिए सर्वेक्षण भी पूरा हो चुका है और तवांग एवं मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्थानों के लिए रेलवे स्टेशन स्थल तय किए जा रहे हैं। इस प्रस्तावित रेल मार्ग पर काम शुरू भी हो जाता लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण देरी हो गई। भारतीय रेलवे एक और परियोजना तय करने के अंतिम चरण पर है जो नगाँव व तेज़पुर को जोड़ेगी और इस मार्ग की रेल पटरियाँ ब्रह्मपुत्र के नीचे बनने वाली प्रस्तावित सुरंग से गुज़र सकती हैं।









## ड्रग्स केस में आर्यन खान की जमानत पर फैसला 20 तक टला

### शाहरुख खान के बेटे को जेल में ही काटने होंगे अभी और 6 दिन



**मुंबई** / ड्रग्स केस में बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। मुंबई की विशेष अदालत ने आर्यन खान की जमानत याचिका पर फैसला एक बार फिर से टाल दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 20 अक्टूबर को होगी। कोर्ट का फैसला न आने तक अब आर्यन खान को 6 और दिन जेल में ही काटने होंगे। गुरुवार को सुनवाई के दौरान वकील अमित देसाई ने कहा कि जो मुझे जानकारी मिली हुई है, उसके अनुसार फोन में कोई रेव पार्टी का ज़िक्र नहीं है। ज्वाइंट पोसेशन पर आज चर्चा नहीं करनी है। मैं नहीं मानता कि यह ज्वाइंट पोसेशन है, लेकिन फिर भी मैं मान लेता हूं। अगर ऐसा है भी, तो भी यह ट्रायल का मुद्दा है। देसाई ने कहा आर्यन बहुत साल तक विदेश में थे, जहां कई चीजें लीगल हैं। यह भी हो सकता है कि वहां के लोग किसी और चीज़ की बात कर रहे हैं, जिसमें आर्यन भी शामिल है। मुझे नहीं पता कि क्या बात हुई है, लेकिन अदालत को यह सब याद रखना चाहिए। आप षड्यंत्र की संभावना कहते हुए जमानत का विरोध नहीं कर सकते। देसाई ने कहा कि शोविक के जजमेंट की बात एएसजी ने की। उसी जजमेंट का ज़िक्र मैं कर रहा हूं। उसमें अदालत ने यह भी अपने ऑब्जर्वेशन में शोविक के सभी दूसरे पैडलर से तार जोड़ने के बाद भी कहा कि शोविक ड्रग्स लेता नहीं था, बल्कि वो पैडलर से लेकर सुशांत को देता था। इसलिए उसे एक अहम बात माना गया था और ड्रग्स सप्लाई का आरोप लगा था।



# बेटियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्व- मुख्यमंत्री



**श्योपुर /** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मिन्टोहॉल भोपाल से वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं को संम्बोधित करते हुए कहा कि जहां माताएं, बहनों एवं बेटियों का सम्मान नही होता वहां देवी-देविताओं का वास भी नही होता उनका स्वाभिमान, सम्मान और सर्वांगीण विकास हो इसी को ध्यान में रखते हुए बेटी बोझ न रहे वरदान बन जाएं प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना संचालित कर उन्हें समय-समय पर उनके खाते में राशि का अंतरण कर रही है। तथा जब वे कक्षा 12 वीं पास कर 18 वर्ष की होगी तो उनके खाते में 1 लाख से अधिक की राशि होगी। भविष्य में स्नातक की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 25 हजार रूपये दिये जाने के प्रावधान किये जा रहे है, उनके सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कार्य करेगी। इस मौके पर आनंद मूर्ति गुरू मॉ ने भी सम्बोंधित करते हुए कहा कि, छात्राओं को मार्शल ट्रेनिंग एवं आत्मबल मनोबल बढाने के उददेश्य से उन्हें सशक्त बनाना होगा। साथ ही उन्हें स्वालंबी भी बनाने के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

जिला मुख्यालय श्योपुर कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में लाड़लियों नें मुख्यमंत्री जी के संबोधन को देखा और सुना। इसी प्रकार श्योपुर जिले के समस्त परियोजना कार्यालय, सेक्टर स्तर पर वेवकास्ट के माध्यम से दूर दूराज की लाडलियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ ही जिले की समस्त आंगनबाड़ी से 32236 लाड़लियों ने इस वेवकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना। जिले में कुल 37171 बालिकाएं लाडली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत हैं। कई जिलों की बालिकाओं ने लाड़ली लक्ष्मी के संबंध में फीडवैक के माध्यम से आवश्यक सुधार हेतु अपने सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ओपी पांडेय, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के जिला समनवयक श्री लल्लन प्रसाद गोंड, श्रीमती ममता व्यास व श्रीमती नंदिनी मीना पर्यवेक्षक, लाडली लक्ष्मी कन्याएं, अभिभावकगण उपस्थित थे।

# सडको पर कचरे का ढेर नही दिखना चाहिए-कलेक्टर

**श्योपुर /** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि श्योपुर शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगरपालिका के समस्त कर्मचारी सफाई कार्य को सफाईकर्मियों से पूरी मेहनत के साथ करावे। आगामी त्यौहारो को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाया जावे। इसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 06 बजे सफाई कार्य को अंजाम दिया जावे। शहर की सडक और गलियों में गंदगी नही दिखनी चाहिए। अगर गंदगी पाई जाती है, तब सफाई दरोगा पर कार्यवाही की जावेगी। वे आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में सफाई कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अमले को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि श्योपुर शहर की सडको को साफ करने के लिए लगाये गये वाहन शहरवासियों को सफाई का संदेश देती हुई प्रतिदिन जानी चाहिए। उन्होने कहा कि श्योपुर शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए सीएमओ नगरपालिका अंजाम दिलावे। उन्होने कहा कि सडकों पर कचरा नही दिखाना चाहिए। अगर सडको पर कचरा मिलता है। तो उस क्षेत्र के सफाई कर्मी के साथ दरोगा पर भी कार्यवाही की जावेगी। उन्होने कहा कि नगरपालिका श्योपुर के 23 वार्डो के क्षेत्र के लिए पर्याप्त सफाईकमीयों की सुविधा है। इसलिए सफाई व्यवस्था को प्रतिदिन कायम रखा जावे।

कलेक्टर ने कहा सफाईकर्मियों की सफाई दरोगा प्रतिदिन हाजरी ले और अनुपस्थित सफाईकर्मी का वेतन आदि काटने की कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि श्योपुर शहर की ऐसी गली जिनमें चार पाहिया गाडी नही पहुची है, उन गलियो में हाथ गाडी के माध्यम से सफाई कराई जावे। कलेक्टर ने कहा कि श्योपुर शहर की तीन दिन में सफाई का कार्य पूरा होना चाहिए। जिससे शहरी क्षेत्र के नगारिक त्यौहारों को स्वच्छ वातावरण में मना सकें। उन्होने कहा कि इन तीन दिन के बाद भी नियमित सफाई व्यवस्था प्रतिदिन जारी रखी जावे। बैठक में सीएमओ नगरपालिका श्री बीडी कतरोलिया, हेल्थ आफीसर श्री सत्यभानू जाटव एवं विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## माध्यमिक, उच्चतर विद्यालयों की नवीन मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर

**श्योपुर /** लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार वर्ष 2022-23 के लिये नवीन मान्यता के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन 15 नवम्बर 2021 तक आमंत्रित किये गये है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन 15 नवम्बर तक, संबंधित जिला शिक्षाधिकारी द्वारा गठित दल के द्वारा किये गये निरीक्षण उपरांत अपनी अनुशंसा प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक को भेजने की अंतिम तिथि 6 दिसम्बर, संयुक्त संचालक द्वारा नवीन मान्यता प्रकरणों में निर्णय लेकर पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2022, जिन संस्थाओं के आवेदन संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा अमान्य कर दिये गये है, उनके द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को ऑनलाइन प्रथम अपील किये जाने की अंतिम तिथि 7 फरवरी, आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा ऑनलाइन प्राप्त प्रथम अपील के निराकरण की अंतिम तिथि 7 अप्रैल, जिन संस्थाओं के आवेदन आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अमान्य किये गये है, उनके द्वारा मान्यता समिति के समक्ष ऑनलाइन द्वितीय अपील किये जाने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल, मान्यता समिति द्वारा नवीन मान्यता के प्रकरणों में ऑनलाइन प्राप्त द्वितीय अपील के निराकरण की अंतिम तिथि 31 मई 2022 रखी गई है। संस्था द्वारा संबद्धता शुल्क जमा किये जाने पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संबद्धता दिया जाना मान्यता प्राप्त होने के बाद मंडल द्वारा निर्धारित तिथि तय की जावेगी।

# धारा 144 के तहत एकजाई आदेश जारी

**श्योपुर /** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेªट श्री शिवम वर्मा ने गृह विभाग मप्र शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण के संबंध में जारी निर्देशों तथा जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत रखते हुए धारा 144 के तहत सभी प्रतिबंधात्मक आदेशों को अतिक्रमित करते हुए एकजाई आदेश जारी किया किया है।

जारी आदेश के अनुसार जिले में सभी सामाजिक / राजनैतिक / खेल / मनोरंजन / सांस्कृतिक / धार्मिक आयोजन / मेले / धार्मिक चल समारोह आदि, जिनमें जनसमूह एकत्र होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। समस्त कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किय जा सकेंगे। 15 अक्टूबर 2021 से 100 प्रतिशत की क्षमता पर कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो सकेंगे। उपरोक्त हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन बंधनकारी होगा। समस्त धार्मिक/पूजा स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक श्रद्धालु/अनुयायी उपस्थित रह सकेंगे। समस्त प्रकार की दुकानें/व्यवसायिक प्रतिष्ठान/निजी कार्यालय, शॉपिंग मॉल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थियेटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किये जा सकेंगे। उपरोक्त हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन बंधनकारी होगा। समस्त वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी।


इसी प्रकार जिम, फिटनेस सेंटर, योगा केन्द्रों का संचालन इनकी क्षमता के 50 प्रतिशत की क्षमता तक कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संचालित किये जा सकेंगे। दिनांक 15.10.2021 से 100 प्रतिशत की क्षमता पर उपरोक्त संचालन किया जा सकेगा। समस्त खेलकूद के स्टेडियम एवं स्वीमिंग पूल खुल सकेंगे तथा खेल आयोजनों में स्टेडियम/दर्शक दीर्घा में क्षमता के 50 प्रतिशत तक दर्शक शामिल हो सकेंगे। समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड-19 प्रोटोकॉल की शर्त का पालन करते हुए खुल सकेंगे। विवाह आयोजनों में दोनो पक्षों के मिलाकर 300 अतिथि/व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। आयोजन में कोविड-19 महामारी के रोकथाम हेतु समस्त प्रोटोकॉल का पालन किया जाना आयोजकों द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। अधिकतम 200 व्यक्तियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।

इसके अलावा रावण दहन के पूर्व परम्परागत श्रीराम के चल समारोह प्रतीकात्मक रूप से अनुमत्य होगा। रामलीला एवं रावण दहन के कार्यक्रम खुले मैदान में फेसमास्क तथा सोशल डिस्टेंसिंग की शर्त पर आयोजन समिति द्वारा संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर किये जा सकेंगे। रामलीला का आयोजन मैदान/हॉल की क्षमता की 50 प्रतिशत सीमा तक दर्शक शामिल हो सकेंगे। रावण दहन के वृहद आयोजन जिनका स्वरूप मेले समान होता है कि अनुमति नहीं होगी। गरबा का आयोजन सोसायटियों/कॉलोनियों/मोहल्लों में मोहल्लावासियों/कॉलोनीवासियों की आयोजन समिति द्वारा आयोजन स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत की क्षमता तक की उपस्थिति में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर किये जा सकेंगे। व्यवसायिक स्तर पर वृहद स्वरूप गरबा आयोजनों की अनुमति नहीं होगी। अर्न्तराज्जीय (प्दजमतेजंजम) तथा राज्यांतरिक (प्दजतेंजंजम) व्ययक्तियों, माल (ळववके) एवं सर्विसेस का आवागमन निर्बाध रहेगा। जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 11 से प्रात 06 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा। अनुमत्य आयोजनों/समारोह में डी.जे / बैंडबाजे की माननीय सर्वोच्च न्यायालय के जारी आदेशों के अधीन रात्रि 10 बजे तक उपयोग की अनुमति रहेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होकर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 में वर्णन अनुसार दण्डात्मक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश श्योपुर जिले में निवासरत प्रत्येक नागरिक को सम्यक रूप से व्यक्तिश निर्वहन कराया जाना संभव नहीं है, अत सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से सर्व साधारण को अवगत कराया जा रहा है।

# जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक आयोजित

## बैठक में गृह विभाग के आदेश को पढ़कर सुनाया




**श्योपुर,** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री टीएन सिंह, गूगल मीट से विययपुर विधायक श्री दुर्गालाल विजय, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कविता मीणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य श्री कैलाशनारायण गुप्ता एवं अन्य समिति सदस्य शामिल हुए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि गृह विभाग के आदेशो के क्रम में तथा जिला स्तरीय स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार सभी सामाजिक /राजनैतिक/खेल/मनोरंजन/सांस्कृतिक/धार्मिक आयोजन/मेले/धार्मिक चल समारोह आदि, जिनमें जनसमूह एकत्र होता है। वे प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही समस्त कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किय जा सकेंगे। इसी प्रकार 15 अक्टूबर 2021 से 100 प्रतिशत की क्षमता पर कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो सकेंगे। उपरोक्त हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन बंधनकारी होगा। साथ ही समस्त धार्मिक/पूजा स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक श्रद्धालु/अनुयायी उपस्थित रह सकेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि समस्त प्रकार की दुकानें/व्यवसायिक प्रतिष्ठान/निजी कार्यालय, शॉपिंग मॉल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थियेटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किये जा सकेंगे। उपरोक्त हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन बंधनकारी होगा। इसी प्रकार समस्त वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी। इसके अलावा जिम, फिटनेस सेंटर, योगा केन्द्रों का संचालन इनकी क्षमता के 50 प्रतिशत की क्षमता तक कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संचालित किये जा सकेंगे। दिनांक 15.10.2021 से 100 प्रतिशत की क्षमता पर उपरोक्त संचालन किया जा सकेगा।

इसी प्रकार समस्त खेलकूद के स्टेडियम एवं स्वीमिंग पूल खुल सकेंगे तथा खेल आयोजनों में स्टेडियम/दर्शक दीर्घा में क्षमता के 50 प्रतिशत तक दर्शक शामिल हो सकेंगे।. समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड-19 प्रोटोकॉल की शर्त का पालन करते हुए खुल सकेंगे। साथ ही विवाह आयोजनों में दोनो पक्षों के मिलाकर 300 अतिथि/व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। आयोजन में कोविड-19 महामारी के रोकथाम हेतु समस्त प्रोटोकॉल का पालन किया जाना आयोजकों द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। अधिकतम 200 व्यक्तियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी। रावण दहन के पूर्व परम्परागत श्रीराम के चल समारोह प्रतीकात्मक रूप से अनुमत्य होगा।

रामलीला एवं रावण दहन के कार्यक्रम खुले मैदान में फेसमास्क तथा सोशल डिस्टेंसिंग की शर्त पर आयोजन समिति द्वारा संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर किये जा सकेंगे। रामलीला का आयोजन मैदान/हॉल की क्षमता की 50 प्रतिशत सीमा तक दर्शक शामिल हो सकेंगे। रावण दहन के वृहद आयोजन जिनका स्वरूप मेले समान होता है कि अनुमति नहीं होगी। अर्न्तराज्जीय (प्दजमतेजंजम) तथा राज्यांतरिक (प्दजतेंजंजम) व्ययक्तियों, माल (ळववके) एवं सर्विसेस का आवागमन निर्बाध रहेगा। जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 11 से प्रात 06 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा। अनुमत्य आयोजनों/समारोह में डी.जे / बैंडबाजे की मा. सर्वोच्च न्यायालय के जारी आदेशों के अधीन रात्रि 10बजे तक उपयोग की अनुमति रहेगी। कलेक्टर ने बैठक में सभी सदस्यों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

## दीपावली त्यौहार पर 15 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक अस्थाई आतिशबाजी विक्रय लायसेंस जारी होंगे

**मुरैना /** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बक्की कार्तिकेयन ने बताया कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुये विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 के अन्तर्गत सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार अन्तर्गत प्रस्तावित आतिशबाजी लायसेंस (50 किलोग्राम तक) जारी करने के लिये अधिकृत किया गया है। जिसमें मुरैना के लिये मेला ग्राउण्ड मैदान, बानमौर के लिये वार्ड नंबर-7 पानी की टंकी के पास, जौरा के लिये खेल मैदान, अम्बाह के लिये पचासा मैदान, पोरसा के लिये थाना परिसर के पीछे, सबलगढ़ के लिये नेहरू महाविद्यालय प्रांगण पानी की टंकी के पास और कैलारस के लिये शक्कर कारखाना प्रांगण में आतिशबाजी की दुकान लगाने की सहमति प्रदान की है।

जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि अनुज्ञप्तिधारी का दुकान का आवंटन लॉटरी सिस्टम से, आतिशबाजी की अस्थाई दुकान के अभिन्यास दो दुकाने के बीच 3 मीटर खाली जगह होनी चाहिये। केबल लोहे की सीट का ही उपयोग दुकानों में किया जाये। आतिशबाजी को सुरक्षित एवं ज्वलनशील सामग्री से बने सेड में बना जाये। आतिशबाजी की दुकान के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लायसेंसधारी, लायसेंस में वर्णित मात्रा में ही आतिशबाजी भंडारित करें। केबल लायसेंसधारी द्वारा ही आतिशबाजी का विक्रय किया जावे, अनाधिकृत रूप से विक्रय करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाही की जाये। आतिशबाजी सार्वजनिक स्थल, घनी आवादी, अनाधिकृत रूप से संग्रहण करते हुये पाये जाते है तो उसे तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाही की जावेगी। प्रत्येक दुकान में पोर्टेबल फायर फायटिंग, पानी का ड्रम, वाल्टी, रेत अनिवायर्तः उपलब्ध रहे। आतिशबाजी स्थल के समीप चाय, धूम्रपान की दुकान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। आतिशबाजी विक्रय परिसर में फायरबिग्रेड, टेंकर अनिवार्यतः मौजूद रहेंगे। वाहनों की पार्पि*ग व्यवस्था दुकानों से 50 मीटर की दूरी पर रहेगी। आतिशबाजी विक्रय स्थल पर सादा वर्दी में तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध, असामाजिक व्यक्तियों पर पैनी नजर बनाये रखेंगे। दुकान में प्रकाश आदि के लिये किसी भी प्रकार का तेल, लेम्प एवं खुली बत्ती का प्रयोग नहीं होगा। केबल बिजली की लाइट प्रयोग करने पर उसे दुकान से हटकर लटकाना होगा। अधिक जानकारी के लिये संबंधित एसडीएम कार्यालय में निर्धारित बिन्दुओं का अवलोकन कर सकते है।

# किसानों को टोकन के माध्यम से निश्चित तारीख पर खाद का वितरण किया जाए - श्री सक्सेना

## संभाग आयुक्त ने गूगल मीट के माध्यम से अधिकारियों को दिए निर्देश

**मुरैना /** संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रबी फसल के लिए किसानों को खाद मिलने में कोई कठिनाई न हो। इसलिए अधिकारी ऐसी व्यवस्था बनायें कि किसानों को आसानी से खाद मिल जाए। आयुक्त श्री सक्सेना बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से दोनों संभागों के अधिकारियों को यह निर्देश दे रहे थे। गूगल मीट में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस बीट सिस्टम बनाने, कोरोना टीकाकरण का दूसरा डोज तथा जनसुनवाई की भी समीक्षा की। इस अवसर पर जिलों के कलेक्टर, .षि, सहकारिता, मार्कफेड, सहकारी बैंक, स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने निर्देश दिए कि खाद वितरण केन्द्रों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। ये अधिकारी वितरण केन्द्रों पर खाद लेने के लिये आए हुए किसानों से खाद का मांगपत्र लें, जिसमें रकबा, फसल का नाम, खाद की आवश्यकता तथा मोबाइल नम्बर आदि जानकारी रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि मांग पत्र पर नम्बरिंग करें और टोकन दें। उसी के अनुसार निश्चित तारीख पर किसानों को खाद लेने के लिये बुलाया जाए। इससे वितरण केन्द्र पर भीड़ नहीं होगी। किसानों को खाद आसानी से मिल जायेगा तथा प्रशासन को भी वितरण में कठिनाई नहीं होगी। श्री सक्सेना ने .षि विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संचालक .षि के संपर्क में रहें तथा खाद की रैक आने का पता करते रहें। इसी प्रकार प्रशासन के अधिकारी संयुक्त संचालक .षि के संपर्क में रहें एवं खाद आने की जानकारी लेते रहें। आयुक्त श्री सक्सेना ने पुलिस के बीट सिस्टम के संबंध में निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित स्थान पर पुलिस का बीट प्रभारी, पटवारी तथा पंचायत सचिव बैठें।

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



**मुरैना /** मुरैना शहर के अन्तर्गत नव दुर्गा विसर्जन का कार्य गुरूवार और शुक्रवार को किया जाना है। इस संबंध में मुरैना नगर से लगे छोंदा, क्वारी एवं चंबल नदी राजघाट पर दुर्गा विसर्जन की तैयारियां नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई। इन तैयारियों का जायजा कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने गुरूवार को स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने कहा कि रात्रि के समय निगम प्रकाश के पुख्ता प्रबंध करें, जहां भी कठिनाई हो, वहां दुर्गा विसर्जन करने वाले लोगों को पहुंचने नहीं दिया जाये। इसके लिये निगम के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे पूरी तैयारी के साथ अपडेट रहें।

पुलिस अधीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने सीएसपी श्री अतुल को निर्देश दिये कि जब तक दुर्गा विसर्जन दोंनो दिन होता है, तब तक पुलिस फोर्स के पुख्ता प्रबंध किये जाये। किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं होनी चाहिये। इसके लिये भले ही बेरिकेड्स, कनाथ आदि का प्रबंध तीनों स्थानों पर कर लिया जाये।

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ का पुतला फूंका

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा अभद्र टिप्पणी और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में युवा कार्यकर्ताओं ने ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के सम्मान में भारतीय जनता युवा मोर्चा मैदान में कमलनाथ होश में आओ होश में आओ, माफी मांगो, माफी मांगो के नारे लगाते हुए परेड चौराहे पर उन्होंने प्रदर्शन किया ।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार के आह्वान पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ का पुतला परेड चौराहे पर जलाकर और जमकर नारेबाजी की।

पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो के जिला महामंत्री उपेंद्र राजौरिया ने कमलनाथ के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कमलनाथ अपने पद की गरिमा और मर्यादा भूलकर संस्कार विहीन हो गए हैं। उम्र के साथ इनकी याददाश्त भी कम हो गयी है क्योंकि ये मंच पर नेताओं के नाम भी भूल जाते हैं। ये वही कमलनाथ हैं जो महिलाओं पर गंदी टिप्पणी कर उन्हें सजावट का सामान बताते हैं।

भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एडवोकेट विक्रांत सिंह



कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह भदोरिया ने कहा कि अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने की आदत कांग्रेस और उनके नेताओं की बन गई है। इनका पतन होना निश्चित है।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा संस्कारों में और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़कर उन्होंने काम किया है। उपचुनाव में लोकसभा और विधानसभा मैं भाजपा प्रत्याशियों की बढ़ती हुई ताकत को देखकर बौखला कर इस प्रकार के आरोप लगाए हैं, यह लोकतंत्र के विरुद्ध है और उन्हें भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं है । यदि उन्हें भान होता तो मर्यादा में रहकर सभा में बोलते, संगठन बहुत बड़ी ताकत है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से कमलनाथ को तत्काल माफी मांग लेना चाहिए ।

पुतला दहन कार्यक्रम में सुभाष मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू युवा नेता अतिराज सिंह नरवरिया, मोनू नरवरिया रक्षपाल सिंह राजावत, सज्जन सिंह नरवरिया,अतुल पाठक, रवि भदौरिया,रवि तोमर,दीपेंद्र सिंह तोमर,शैलेंद्र रीतौरिया एडवोकेट आदि कार्यकर्ता शामिल थे ।

## वन-टू-वन

### समाजसेवी जैन के निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ



संतोष सिंह भदौरिया
पुष्पांजली टुडे

गोरमी। अपना मित्र मंडल के सदस्य विवेक जैन के पिता एबम नगर के जाने-माने समाजसेवी एवं व्यवसायी जयकुमार जैन पांडे के निधन पर अपना मित्र मंडल गोरमी दुआरा नगर के मेन रोड स्थित भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया के आवास पर शोक सभा का आयोजन हुआ शोक सभा में उपस्थित अपना मित्र मंडल के सभी साथियों ने समाजसेवी जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया । प्रभु से प्रार्थना की कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री कृष्ण कटारे भीष्म प्रताप सिंह भदौरिया सुभाष थापक राजीव भदौरिया भानु भदौरिया कुशलपाल सिंह गुर्जर हरिओम कटारे आकाश दिक्सित जयवीर पुरोहित मनोज शर्मा संजीव जैन सुरेश सोनी अरविंद जैन दिनेश श्रीवास सुनील सोनी संतोष भदौरिया राहुल कटारे आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राहपुरोहित ने भागवतम ग्रंथ का वितरण किया



पुष्पांजली टुडे। मैसूरु.।-ईट्टिगेगुड स्थित सत्यनारायण मंदिर में बनूर के समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित की ओर से श्रद्धालुओ को नित्य पढ़ने के लिए भागवतम ग्रंथ दिये गये द्य डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में बताया कि आज के युवा भौतिक सुख-सुविधाओं पाने की लालसा में अपने धार्मिक ग्रंथों से दूर होते जा रहे हैं द्य परिजनो को चाहिए कि अपने बच्चों को सनातन धर्म की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए पवित्र ग्रंथो का अध्ययन करवाये द्य नियमित सुबह शाम मंदिर में पूजा अर्चना करने हेतु प्रेरित करे द्य इस अवसर पर देवनाथ स्वामी,धर्मदास स्वामी, स्वामी रामशरणाचार्य, मदनलाल पुरोहित,राजकुमार सोनी,जनक सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।

### तमिलनाडु पॉन ब्रोकर्स एसोसिएशन की तरफ से पी.टी.सी. पुलिस स्टेशन के लिए 42 इंस टीवी भेंट किया




पुष्पांजली टुडे, चैन्नई। गुरूवार दिनांक 14 /10/ 2021 को सुबह ठीक 10ः00 बजे तमिलनाडु पौन ब्रोकर एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन पी.टी.सी.ओ.एम आर रोड़ की तरह से 42 इंस की टीवी पी.टी.सी.पुलिस स्टेशन में भेंट किया गया । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज व तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रमेशजी भायल सीरवी, प्रदेश अध्यक्ष के निजी सचिव देव मिश्रा,एरीया प्रभारी गणपतलाल सानपुरा ,एरीया उपाध्यक्ष जेठालाल सीरवी, नाथूराम सीरवी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे ।

### कराते खिलाड़ी निधि नन्हेट को नगर पालिका बालाघाट ने बनाया स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसेडर




रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे। बालाघाट । नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 स्वच्छता से संपन्नता की ओर के अंतर्गत बालाघाट को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए बालाघाट की प्रतिभावान बेटी अंतराष्ट्रीय कराते चैंपियन एव विक्रम अवार्ड से सम्मानित कुमारी निधि नन्हेट को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतिश मटसेनिया ने बताया कि स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसेडर कुमारी निधि नन्हेट बालाघाट के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी और इसका लाभ बालाघाट की जनता को मिलेगा।

## भाजपा की उपचुनाव में विजय सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं कमलनाथः देवेंद्र त्यागी

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक

पुष्पांजली टुडे, लहार। भाजपा मंडल कार्यालय मंत्री असवार देवेंद्र त्यागी ने कांग्रेश के 15 माह के सरकार के झूठे मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा खंडवा की सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन्होंने हमेशा झूठ बोलना जनता को झूठ करके भ्रमित करना किसानों और युवाओं से और लाडली लक्ष्मी बहनों से झूठ बोलना यह उनकी पूर्व कांग्रेस सरकार की मानसिकता रही थी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और बढ़ते हुए उपचुनाव में उनका प्रभाव भाजपा की बढ़ती हुई ताकत को देखकर कमलनाथ बौखला गए इस प्रकार की सभाओं में बोलना उनकी गंदी मानसिकता को प्रदर्शित करती है तथा भाजपा मंडल कार्यालय मंत्री असवार देवेंद्र त्यागी ने कहा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कमलनाथ से 15 माह की कांग्रेस सरकार से प्रश्न पूछे वह सही पूछे अगर कमलनाथ के पास उन प्रश्नों का उत्तर है तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा मध्य प्रदेश की उप



चुनाव में यहां हो रहे वहां की जनता को दें। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक चुनावी सभा में मध्यप्रदेश के मंदसौर में कहा था कि आप प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं 10 दिन में हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे विकास को गति प्रदान करेंगे लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि तुमने कितने किसानों के कर्ज माफ किए कभी किसानों के सुख-दुख में खड़े नहीं हुए किसान और युवाओं से झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त की और उनके ही कांग्रेस के नेता पूर्व में रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उनकी सरकार की पोल खोलकर देश की जनता के सामने रख दी इससे वह बौखला गए और मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकासशील सरकार बने जिन्होंने किसानों के खेत में खड़े होकर और उनके विकास की योजना बनाई।

मंडल कार्यालय मंत्री देवेंद्र त्यागी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूर्व सरकार की विकास योजनाओं को बंद कर उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जहां गरीब और मजदूर किसानों के विकास को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई थी चाहे वह लाड़ली लक्ष्मी योजना हो, संबल योजना हो, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना हो ऐसी कई योजना थी जिनको बंद कर गरीबों के विकास को रोकने का काम किया था।

## बीसनपुरा में दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह पप्पू के समक्ष हुए भाजपा में शामिल**

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक,
पुष्पांजली टुडे।

दबोह । लहार विधानसभा क्षेत्र के दबोह अंचल के ग्राम बीसनपुरा में बघेल पाल समाज के दो दर्जन से अधिक लोगो सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पार्टी छो? भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।उल्लेखनीय है कि अधिकांश लोग बघेल पाल समाज से है जो कि लंबे समय से कांग्रेस के कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थे।भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री योगेंद्र सिंह (पप्पु )अपने क्षेत्रीय दौरे पर वीसनपुरा पहुँचे थे।इस अवसर लोगो द्वारा ब? उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया व सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्राप्त की इस अवसर पर भाजपा नेता श्री योगेंन्द्र सिंह पप्पू भैया ने सम्मलित हुए सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया व ओर



उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता लेने बाले में रामजीलाल पाल, सरजू पाल, किसुन पाल, प्रीतम पाल ,अर्जुन पाल, इमरत पाल, लल्लाश्री पाल, संतराम पाल, राकेश पाल, मानू पाल, पवन पाल, राहुल पाल, उत्तम शिशुपाल, सूर्यपाल पटेल पाल, साथ में अन्य कार्यकर्ताओ में माताप्रसाद शाक्य, गोबिंदी शाक्य, मथुराप्रसाद राठौर ने भाजपा की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए आज पार्टी में शामिल हुए।



### काली नदी में तीन लोग डूबे दो के शव पुलिस ने किए बरामद एक की तलाश जारी

सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे। एटा । जनपद के थाना मिरहची क्षेत्र अंतर्गत काली नदी में तीन लोगों के डूबने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों के शव को नदी से रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिये हैं। आपको बता दें कि आगरा एत्मातपुर से अतरंजीखे?ा स्थित हुसैन बाबा की मजार पर चादर चढ़ाने आये एक परिवार के तीन लोग की काली नदी में डूब गये। जसमे दो लोगों के शव पुलिस ने बरामद कर लिए है पुलिस गोताखोरों की मदद से तीसरे युवक को ढूंढने का रेस्क्यू लगातार चला रही है। आपको बता दें कि मिरहची थाना क्षेत्र स्थित अतरंजीखेड़ा पर एत्मादपुर से हुसैन बाबा की मजार पर चादर चढ़ाने एक ही परिबार के दर्जनों लोग आए थे बताया जा रहा है कि बच्चे को शौच कराने गई माँ शबाना के हाथ से बच्चा अचानक नदी में गिर गया जिसे बचाने के लिए यूनुस,अमन,फैजान नदी में कूद गए नदी की गहराई अधिक होने के कारण तीनो लोग पानी में ही डूब गए ।

## पुलिस ने सड़क किनारे मूर्छित अवस्था में पड़ी महिला को प्राथमिक उपचार के बाद पहुंचाया घर

**आमजन तथा परिवारीजनों ने की एटा पुलिस की सराहना**

सोनू कुमार माथुर ब्यूरो

पुष्पांजली टुडे

एटा । बुधबार को थाना कोतवाली देहात पर सूचना प्राप्त हुई कि जीटी रोड बाईपास अमांपुर रोड पर एक महिला अर्ध-मूर्छित अवस्था में रोड के किनारे लेटी हुई है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि उक्त महिला बेहोशी की हालत में रोड़ किनारे लेटी हुई है और उसके पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित बैठा हुआ है। युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम ओमेंद्र सिंह यादव पुत्र राम प्रकाश निवासी शांति नगर कस्बा अमांपुर कासगंज बताया। सड़क के किनारे लेटी हुई युवती के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि यह उसकी भाभी हिमांशी पत्नी टीटू उम्र करीब 23 वर्ष हैं। इनके फेफड़ों में



इंफेक्शन है तथा अन्य बीमारियों से भी पीड़ित हैं। जिन्हें मैं गांधी मार्केट स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल से दवा दिलाकर अमांपुर लौट रहा था, जैसे ही जीटी रोड से अमांपुर कट सर्विस रोड पर आया तभी ये बेहोश होकर मोटरसाइकिल से फिसलने लगीं और किनारे पर गिर पड़ीं। इस पर कोतवाली देहात पुलिस द्वारा बीमार युवती को उसके देवर की सहमति से सरकारी जीप में सुरक्षित बिठाकर चौकी मर्थरा लाया गया तथा वहां प्राथमिक उपचार के बाद चौकी प्रभारी की प्राइवेट कार में बिठाकर उनके गंतव्य स्थान शांति नगर अमांपुर सुरक्षित पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की मौके पर उपस्थित लोगों ने एवं महिला के परिजनों प्रशंसा की।

## पोरसा किसान की बाजरे की फसल खडी होने के बाद खसरे में गल्त गिरदाबली करने पर पटवारी को किया एसडीएम ने निलंबित ...

केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो

पुष्पांजली टुडे।

अम्बाह । कलेक्टर महोदय (खाद्य शाखा) जिला मुरैना द्वारा पत्र क्रमांक-2481 / खाद्य / 2021, मुरैना दिनांक 12.10.2021 से पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है जिसमें आवेदक रनवीर सिंह पुत्र किशुन सिंह, आशाराम, सुजान सिंह, जनवेद सिंह पुत्र ब्रम्हजीत सिंह, उम्मेद, रामसनेही तथा अन्य द्वारा ग्राम रतनपुरा मौजा कीचौल की भूमि सर्वे नम्बर 75, 324, 306, 312 / 2, 319, 379, 380, 383, 384, 385, 291, 375, 378, 295/4, 362/4/2, 362/1, 372, 294/2, 295/3, 399/4, 368/3, 365, 372, 317, 307, 330, 338, 364, 368 / 4, 275, 375 एक ही परिवार की कृषि भूमि है, पर बाजरा की फसल खड़ी है अव कट चुकी है, किन्तु पटवारी रामगोपाल वर्मा द्वारा फसल गस्त के दौरान जानबूझकर बाजरे की फसल अंकित नहीं की गयीं है जिसके कारण बाजरे की फसल का सत्यापन नहीं हो रहा है और बाजरे की फसल को समर्थन मूल्य पर बिक्रय नहीं कर पा रहे है। उक्त शिकायती आवेदन के सम्बंध में तहसीलदार पोरसा से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। तहसीलदार पोरसा प्रतिवेदन क्रमांक- आ.का. / प्रतिवेदन / 2021 / 1245 पोरसा, दिनांक 14.10.2021 के द्वारा यह



प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है कि 75 251, 294 / 2. 295 / 3, 295/4, 306, 307, 312/2, 317, 319, 324, 362/4/2, 362/1, 365, 368/3, 372, 375, 378, 379, 380, 383, 384, 385, 399 / 4 के सम्पूर्ण भाग एवं सर्वे नम्बर 368 के भाग 2 / 3 रकवे पर खड़ी बाजरे की फसल कटी होना पायीं गयीं तथा तथा भूमि सर्वे नम्बर 368 के 2/3 भाग पर बाजरे की फसल मौके पर खडी होने से शिकायत की सत्यता की पुष्टि किया जाना प्रतिवेदित किया गया है। इससे पूर्व भी पटवारी श्री रामगोपाल वर्मा द्वारा शासकीय कार्य में रूचि नहीं लेने एवं अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अव्हेलना करने के कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। किन्तु पटवारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक होना नहीं पाया गया।

अतः तहसीलदार पोरसा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से सहमत होते हुए पटवारी श्री वर्मा की कार्यप्रणाली के प्रति गम्भीर शिकायतें व्याप्त होने के कारण पटवारी श्री रामगोपाल वर्मा को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 14 के अंतर्गत वरिष्ठ के आदेशों की अव्हेलना करने एवं अपने पदीय कर्तव्यों प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरते जाने के परिणाम स्वरूप, तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय पोरसा रहेगा तथा इन्हें निलंबन काल मे मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। साथ ही पटवारी हल्का नम्बर 29 कीचौंल का प्रभार अन्य आगामी आदेश तक पटवारी श्री अंकित डण्डोतिया, पटवारी हल्का नम्बर 19 रन्हैरा को प्रदाय किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(विचार-मंथन)

# महंगाई की मार, आमजन में हाहाकार

सिद्धार्थ शंकर

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दाम आम आदमी पर लगातार बोझ बढ़ा रहे हैं। पेट्रोल और डीजल तो पहले ही से लगातार महंगा होता जा रहा है। चिंता की बात ज्यादा इसलिए भी है कि इन उत्पादों की महंगाई नित नए कीर्तिमान बना रही है। दाम वृद्धि के इस रुख से साफ है कि आने वाले दिनों में कोई राहत मिलने की बात तो दूर, बल्कि और महंगाई के लिए तैयार रहना होगा। सरकार साफ कह चुकी है कि इन बढ़ते दामों को रोक पाना फिलहाल संभव नहीं है। जाहिर है, महंगाई अभी पीछा नहीं छोड़ने वाली। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने के पीछे तात्कालिक वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ना बताई जा रही है। विदेशी बाजार में कच्चा तेल सात साल के उच्चतम स्तर पर चल रहा है। सऊदी अरब ने रसोई गैस के दाम पिछले तीन महीने में तीन सौ चौदह डालर प्रति टन तक बढ़ा दिए हैं। चूंकि भारत तेल और गैस का आयात करता है, इसलिए इन उत्पादों के महंगा होने का तर्क दिया जा सकता है।

**लेकिन सवाल यह है कि आखिर इन दामों को बढ़ाने की कोई सीमा है या नहीं?**

यह सही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में रसोई गैस और कच्चे तेल के दामों को नियंत्रित कर पाना सरकार के दायरे के बाहर है। लेकिन देश के भीतर लोगों को उचित दाम पर ये चीजें कैसे मिलें, इसके उपाय तो किए ही जा सकते हैं। पेट्रोल और डीजल पर लगाए जाने वाले भारी-भरकम शुल्कों को लेकर लंबे समय से आवाज उठती रही है। पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने पर कोई सहमति नहीं बनती दिखना भी बता रहा है कि भविष्य में पेट्रोलियम उत्पाद महंगे ही होंगे। यानी हर तरह से महंगाई बढ़ेगी। वित्त मंत्री कह ही चुकी हैं कि पेट्रोल और डीजल पर शुल्क में कोई कटौती नहीं होगी और महंगाई से केंद्र व राज्यों को मिल कर निपटना है। महंगाई में खाद्य तेलों के लगातार बढ़ते दामों ने भी आग में घी का काम किया है। थोक और खुदरा महंगाई दोनों में इसका योगदान रहा। खाद्य तेलों को लेकर सरकार अब जिस तरह से चेती है, उसकाबड़ा कारण त्योहारी मौसम है। त्योहार के दिनों में खान-पान संबंधी वस्तुओं का कारोबार भी कम नहीं होता। घरों में भी खाद्य तेलों की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में अगर खाद्य तेल और महंगे हुए तो यह बजट को और बिगाड़ देगा। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सभी राज्यों से कहा है कि वे अपने-अपने यहां इनके भंडारण की सीमा तय कर दें। इससे जमाखोरों पर भी शिकंजा कसा जा सकेगा। लेकिन तेल का आयात-निर्यात करने वाले कारोबारियों को इससे सशर्त रियायतें दी गई हैं। तेलों के वायदा कारोबार पर रोक लगाने का मकसद भी यही है कि आने वाले दिनों में महंगे दामों पर सौदे न हों जो घरेलू बाजार को प्रभावित करें। खाद्य तेलों की महंगाई के पीछे बड़ा कारण विदेशी बाजारों में इनके ऊंचे दाम भी हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग साठ फीसद खाद्य तेलों का आयात करता है। ऐसे में अगर विदेशी बाजार में तेल महंगा होगा तो घरेलू बाजार में असर पड़ना तय है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक भारत में खाद्य तेलों की खपत ढाई करोड़ टन सालाना है। पर भारत में सिर्फ 80 लाख टन ही खाद्य तेल का उत्पादन होता है, बाकी दो-तिहाई हिस्से का आयात किया जाता है। महामारी के दौर में खाद्य तेल उत्पादक देशों में भी उत्पादन पर असर पड़ने से दाम चढ़ने का सिलसिला जारी रहा।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है दशहरा

**लेखिका- श्वेता गोयल**

दशहरा (15 अक्तूबर) पर विशेष -दशहरा समस्त भारत में भगवान श्रीराम द्वारा लंकापति रावण के वध के रूप में अर्थात् बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात् आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है, जो राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और सत्यमेव जयते का मंत्र देता है।

दशहरे के उत्सव का संबंध नवरात्रों से भी जोड़कर देखा जाता रहा है। इसे आसुरी शक्तियों पर नारी शक्ति की विजय का त्यौहार माना जाता है। आदि शक्ति दुर्गा को 'शक्ति' का रूप मानकर शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए नौ दिनों तक देवी के नौ अलग-अलग रूपों की व्रत, अनुष्ठान करके पूजा की जाती है। जगह-जगह मां दुर्गा की विशाल प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और माता के जागरण भी किए जाते हैं। माना जाता है कि दुर्गा पूजा से सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य, धन-सम्पदा, आरोग्य, संतान सुख एवं आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। अंतिम नवरात्र पर कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर नवरात्रों का समापन किया जाता है।

मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर सम्राट महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्र) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाईयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं।

दशहरे और शक्ति पूजा के आपसी संबंध के बारे में कहा जाता है कि जिन दिनों में राम ने शक्ति की उपासना की थी, उसी समय रावण और मेघनाद ने भी शक्ति उपासना की थी। आदि शक्ति ने दोनों पक्षों की पूजा-उपासना से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिए लेकिन विजय राम की ही हुई क्योंकि उनके साथ धर्म, मानवता, सत्य, निष्ठा, पुण्य इत्यादि गुण थे जबकि रावण भले ही बहुत बड़ा विद्वान था लेकिन उस समय उसके पास घमंड, वासना, क्रोध इत्यादि तमाम बुराईयां ही बुराईयां थी। पुराणों में बताया जाता है कि देवी ने राम को विजयी होने का आशीर्वाद दिया था जबकि रावण और मेघनाद को उनका कल्याण होने का आशीर्वाद दिया था। चूंकि रावण का कल्याण उसका अभिमान, उसकी दानवता और उसका अधर्म नष्ट होने में ही था, इसीलिए राम के हाथों उसे सद्गति प्राप्त हुई और राम की जीत हुई। दशहरे के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के काम, क्रोध, मद, लोभ व वासना रूपी पुतलों का दहन कर लोग अपने आगामी वर्ष की सफलता की कामना करते हैं।

## भारत तमाशबीन क्यों बना हुआ है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने अलग-अलग मौकों पर अफगानिस्तान के बारे में जो भी कहा है, वह शतप्रतिशत सही है लेकिन आश्चर्य है कि भारत की तरफ से कोई ठोस पहले क्यों नहीं है? 20 प्रमुख देशों के जी-20 सम्मेलन में दिया गया मोदी का भाषण अफगानिस्तान की वर्तमान समस्याओं या संकट का जीवंत वर्णन करता है और उसके समाधान भी सुझाता है। जैसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का संदर्भ देते हुए मोदी ने मांग की कि काबुल में एक सर्वसमावेशी सरकार बने, वह नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा करे, वह स्त्रियों का सम्मान करे और अफगान अर्थ-व्यवस्था को पटरी पर लाकर अफगान जनता को अकाल से बचाए। उनका सबसे ज्यादा जोर इस बात पर था कि तालिबान सरकार आतंकवाद को बिल्कुल भी प्रश्रय न दे। वह किसी भी देश का मोहरा न बने और पड़ौसी देशों में आतंकवाद को फैलने से रोके। लगभग यही बात विदेश मंत्री जिस देश में भी जाते हैं, बार-बार दोहराते रहते हैं। ये दोनों सज्जन सिर्फ इसी बात से संतुष्ट दिखाई पड़ रहे हैं कि अफगानिस्तान के बहाने वे हर जगह पाकिस्तान को आड़े हाथों ले रहे हैं। यहां मुख्य सवाल यह है कि हमें अफगान-संकट को हल करना है या पाकिस्तान को कूटनीतिक पटकनी मारनी है? हम खुश हैं कि इस वक्त हमने पाकिस्तान को घसीटकर हाशिए में डलवा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अभी तक इमरान खान से हाय-हलो तक नहीं की है। हमारी यह समझ गलत है कि यह हमारी वजह से हो रहा है। यह इसलिए हो रहा है कि पाकिस्तान इस वक्त चीन की गोद में बैठा है और चीन व अमेरिका के बीच शीत-युद्ध चल रहा है। ज्यों ही चीन से अमेरिकी संबंध सहज हुए नहीं कि पाकिस्तान दुबारा अमेरिका का प्रेम-भाजन बन जाएगा। पाकिस्तान की किस्मत में लिखा है कि वह सदैव किसी न किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बनकर रहेगा। भारत न तो कभी किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बना है और न ही उसे कभी बनना चाहिए लेकिन इधर उल्टा ही हो रहा है। अफगानिस्तान के मामले में ही नहीं, चौगुटे (क्वाड) के चंगुल में भी वह इस तरह फंसा हुआ है कि उसकी स्वतंत्र विदेश नीति कहीं छिपी-छिपी– सी नज़र आने लगी है। बजाय इसके कि वह तालिबान से सीधी बात करता, जैसे कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय समुदाय कर रहे हैं, हमारे विदेश मंत्री अन्य छोटे-मोटे देशों के चक्कर लगा रहे हैं। जो महाशक्तियां तालिबान से सीधे बात कर रही हैं, उनके मुकाबले भारत अफगानिस्तान का सबसे निकट पड़ौसी है और उसने वहां 500 से भी ज्यादा निर्माण कार्य किए हैं।

(दशहरा पर विशेष)

# राम के आध्यात्मिक मूल्यों को करे आत्मसात

**लेखक- डॉ श्री गोपाल नारसन एडवोकेट**




रावण पर राम की विजय का प्रतीक है दशहरा पर्व। इस अवसर पर हम राम की जय जयकार करते है और रावण को उसकी बुराइयों के कारण जलाने का जश्न मनाते है।वर्षों से चली आ रही यह परम्परा आगे भी जारी रहेगी।लेकिन बार बार रावण को जला देने पर भी आज तक रावण रूपी बुराई समाप्त नहीं हो पाई।सच यह है कि रावण तो हम सबके अंदर है,जो विकार रूप में बैठा है।जिसे हम हटाना ही नहीं चाहते।हम राम रावण से जुड़े किस्सों को रामायण या फिर राम चरित मानस के माध्यम से मंचित कर उन्हें हर वर्ष याद करते है। रामायण के मुख्य पात्र राम, सीता , हनुमान व रावण हैं । रामायण हिंदू धर्म की एक प्रमुख आध्यात्मिक पुस्तक मानी जाती है परंतु बिडंबना यह है कि रामायण को बार बार पढ़ने व मंचित करने के वावजूद भी उसमें लिखे आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा नहीं हो पाती । हम राम के नाम रूप पर बहस करते रहते हैं। इससे रामायण रचना की सार्थकता कभी भी सिद्ध नहीं हो सकती है । इसके लिए आवश्यक है कि हम रामायण को आत्मसात करे।

रामायण महर्षि बाल्मीकी के द्वारा लिखित एक आध्यात्मिक पुस्तक है । हम यह जानते हैं कि महर्षि बाल्मीकी आध्यात्मिक जागृति के एक प्रेरक नायक थे ।ईश्वरीय अनुभूति के द्वारा उनका जीवन दिव्य व महान हो गया था। जो भी ईश्वर की अनुभूति कर लेता है ।वह दूसरों का शुभचिंतक हो जाता है व स्वयं की अनुभूतियों को समाज कल्याण हेतु प्रयोग कर लोगों में एक नई सोच फैलाने का कार्य करता है, स्वयं का जीवन आध्यात्मिक होने पर ही महर्षि बाल्मीकी ने समाज में आध्यात्मिक जागृति लाने का बीड़ा उठाया था । मोह माया में फँसें लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान रोचक लग सके ,इसके लिए उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान को एक रोचक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्य नायक व नायिका राम और सीता को रखा गया । जैसे आजकल सरकार या कोई भी समाज सुधारक यदि लोगों को किसी भी बुराई के बारे में जागरूक करना चाहतें है तो वह एक डॉक्युमेंट्री फ़िल्म या विज्ञापन के ज़रिए इस संदेश को जन - जन में पहुँचाते हैं । लघु फ़िल्म या विज्ञापन में वह किसी ऐसे चेहरे को प्रयोग करेगें जो लोगों में प्रसिद्ध हो ,ताकि लोग उसको आत्मसात करें । महर्षि बाल्मीकी ने त्रेता युग के बाद आए द्वापर युग व उसके बाद आने वाले समय में समाज में आध्यात्मिक क्रांति लाने हेतु राम व सीता का नाम व चरित्र का प्रयोग किया जो त्रेता युग में विश्व में राज्य करके गए थे। विडम्बना इस बात की है कि हम रामायण में लिखित सब पात्रों को उसी तरह से स्वीकार करते हैं जैसे रामायण को पढ़ने पर जान पढ़ता है परन्तु इस तरह से तो रामायण में दर्शाए गए पूर्णतः अहिंसक पात्र भी हिंसक नज़र आते हैं। जैसे राम के द्वारा रावण का वध होना भगवान की परिभाषा को खंडित करता है, राम यदि भगवान हैं तो वह हिंसक हो ही नहीं सकते और राम यदि सर्वशक्तिमान ईश्वर है तो उनकी सीता को एक दैत्य ( रावण ) कैसे उठाकर ले जा सकता है ? इसलिए कहीं न कहीं रामायण को किसी और परिपेक्ष में देखने की आवश्यकता है .... ।रामायण का वास्तविक् अर्थ जानने के लिए रामायण के विभिन्न पात्रों को निम्नलिखित रूप में समझ कर पढ़ें तो आपको उसमें लिखा एक एक आध्यात्मिक बिंदु समझ आ जाएगा ........।

1. राम = राम वास्तव में निराकार शिव परमात्मा ही है, जो संगम युग पर धरा पर अवतरित हो कर अपनी बिछड़ी हुई सीता ( सतयुगी आत्मा ) को रावण ( विकारों ) के चंगुल से छुड़ाने आया है ।

2. सीता = हर वह आत्मा जो वास्तव में पवित्र है परंतु आज रावण के चंगुल में फँसने के कारण दुखी और अपवित्र हो गई है ।

3. रावण = पतित व विकार युक्त सोच व उसकी धारणा ही रावण है। जिसमें फँसी हर आत्मा आज विकर्मों के बोझ तले दबती जा रही है । पाँच मुख्य विकार पुरुष के व पाँच मुख्य विकार स्त्री के ही रावण के दस शीश हैं ।

4. हनुमान = वास्तव में धरा पर अवतरित हुए परमात्मा को सर्वप्रथम पहचानने वाली आत्मा ( ब्रह्मा बाबा ) ही हनुमान हैं ,परंतु हर वह आत्मा जो ईश्वर को पहचान दूसरी आत्माओं ( सीता ) को धरा पर आए ईश्वर ( राम ) का संदेश देने के निमित बनती है वह भी हनुमान की तरह ही है ।

5. वानर सेना = साधारण दिखने वाली मनुष्य आत्माएँ ईश्वर ( राम ) को पहचान कर, संस्कार परिवर्तन द्वारा पूरानी दुनियाँ या रावण राज्य ( पतित सोच पर आधारित दुनिया ) को समाप्त करने में राम का साथ देने वाली संसार की 33 करोड़ आत्माएँ ही वानर सेना है ।

6. लंका = पुरानी पतित दुनियाँ जहाँ हर कार्य देहभान में व विकार ग्रसित होकर किया जाता है, वहीं रावण की नगरी लंका है ।

इसलिए आवश्यक है कि हम सबसे पहले अपने अंदर के रावण का खात्मा करने के लिए विकारों का त्याग करे और राम सरीखे गुण धारण कर राम अनुगामी बने। तभी विजय दशमी यानि दशहरा का पर्व मनाया जाना सार्थक हो सकता है और बार बार रावण को जलाने की भी फिर जरूरत नहीं रहेगी।क्योंकि हमारे अंदर का रावण मरते ही बाहरी दुनिया का रावण ही स्वतः समाप्त हो जाएगा।इस तरह से हम दशहरा के वास्तविक अर्थ को भी समझ सकेंगे और अपने अंदर के रावण को त्याग कर या फिर जलाकर राम जैसे गुण धारण कर सकेंगे।

# मध्यप्रदेश में चार उपचुनाव में मुकाबला 50-50

## (होमवर्क में कांग्रेस पर भारी भाजपा पर मुद्दों में भाजपा पर भारी कांग्रेस)

## (कमलनाथ एवं शिवराज के मध्य प्रतिष्ठा की लड़ाई)

**लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा**

मध्यप्रदेश में कोरोना महामारी के दूसरी लहर ने अन्य राज्यों की तरह यहां भी अपना खौफनाक प्रभाव दिखाया जिसके चलते अनेक जनप्रतिनिधियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। इसी के अंतर्गत प्रदेश में खंडवा के सांसद एवं रैगांव, जोबट और पृथ्वीपुर के वर्तमान विधायकों को भी कोरोना ग्रस्त होकर दिवंगत होना पड़ा। इन चार खाली सीटों पर अक्टूबर माह की 30 तारीख को मतदान होना है और 2 नवम्बर को परिणाम आयेगें। चुनाव परिणाम से न सरकार की सेहत पर कोई प्रभाव पडेगा न विपक्ष को कोई बड़ा लाभ होगा। परन्तु जिस संघर्ष के दौर से कांग्रेस गुजर रही है। उसमें अगर इन चुनाव में अपेक्षा से अधिक सफलता मिल जाती है, तो आगामी होने वाले चुनावों के लिये उसे ऊर्जा मिल जायेगी जो कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन करने के लिये पर्याप्त है। यही स्थिति भाजपा के साथ भी है। वैसे तो राजनीति के गलियारे में ये चुनाव मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उम्मीदवारी चयन में कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सुलझी हुई नजर आई।

इन चार उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने खंडवा लोकसभा उपचुनाव सीट पर 3 बार के मंघाता विधानसभा सीट से विधायक रहे 70 वर्षीय राजनारायण सिंह पुरनी पर दांव लगाया जो अतीत पर मंधाता सीट से 3 बार विधायक रह चुके है। कहने का आशय की राजनीतिक अनुभव उनके पास भरपूर है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने दिवंगत सांसद चैहान के पुत्र की जगह विद्यार्थी परिषद एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एकदम नये चेहरे ज्ञानेश्वर पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे चैहान समर्थन निश्चित रूप से नाराज दिखाई पड रहे है क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि नंदकुमार जगह पर उनके पुत्र को अवश्य ही अवसर प्रदान किया जायेगा पर ऐसा नहीं हुआ।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव पर इस सीट पर भाजपा के नंदकुमार चैहान 838909 मत ने कांग्रेस उम्मीदवार अरूण यादव 565566 मत से पराजित किया था। कांग्रेस में भी अरूण यादव की उम्मीदवारी को लेकर चर्चाएं गर्म भी पर अंतिम समय में वहां भी पार्टी ने अनुभवी व नये चेहरे को अवसर दिया हैं।



इसी तरह रैगांव विधानसभा सीट क्रमांक 62 में जहां कांग्रेस ने पिछले 2 विधानसभा चुनाव में पराजित होने वाले श्रीमती कल्पना वर्मा जो वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य भी है उनको तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है। क्योंकि यह उस क्षेत्र की जनता का चिरपरिचित चेहरा हैं, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा ने सतना जिला संगठन में महामंत्री एवं इनके माता-पिता जिला पंचायत सदस्य रह चुके है। प्रतिमा बागरी को अवसर प्रदान करने से दिवंगत विधायक बागरी के पुत्रों ने भी चुनाव लड़ने की ठान ली है। इस सीट पर जुगल किशोर बागरी ने पांच विधानसभा चुनाव जीते थे, इसलिये सहानुभूति के आधार पर यहां से उनके पुत्र को टिकट मिलने की संभावनायें व्यक्त की गई थी पर खंडवा की तरह यहां भी भाजपा ने यहां से एकदम नये चेहरे को चुनावी मैदान में उतार दिया है।

विधानसभा चुनाव 2018 भाजपा विधायक जुगलकिशोर बागरी 65542 मतों ने कांग्रेस की कल्पना वर्मा 47939 मतों को पराजित करते हुए पांचवी जीत दर्ज कराई थी। इस नजरिये से टिकट प्रथम दृष्टि से उनके परिवार के किसी सदस्य को जाना था पर ऐसा न कर भाजपा ने नये चेहरे को अवसर दिया।

विधानसभा सीट क्रमांक 192 जोबट पर कांग्रेस ने नये चेहरे महेश पटेल जिनके पिता पहले अलीराजपुर से विधायक रह चुके है और स्वयं महेश वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष है उनको उतारा है। जबकि भाजपा के नेता को टिकट न देकर कांग्रेस से तीन बार विधायक रही और सप्ताह भर पहले भाजपा में शामिल हुई, सुलोचना रावत को उम्मीदवार बनाया है। उनकी उम्मीदवारी को लेकर भाजपा के भीतर ही भारी असंतोष देखा गया है। पर भाजपा हाईकमान कार्यकर्ताओं के विश्वास के विपरीत जाकर यहां पर कांग्रेसी पृष्ठभूमि वाले श्रीमती रावत को उम्मीदवार बनाया है।

विधानसभा चुनाव 2018 में इस सीट पर कांग्रेस की विधायक सुश्री लीलावती भूरिया 45716 मतों ने भाजपा के माधवराव सिंह डाबर 43571 मत को पराजित किया था। जबकि कांग्रेस के बागी विशाल रावत ने निर्दलीय लड़ते हुए 30941 मत प्राप्त किये थे। इसी गणित को देखते हुए भाजपा ने कांग्रेस नेता को भाजपा से उम्मीदवार बनाया है। यह प्रयोग कितना सफल होगा, यह तो आने वाला समय बतायेगा।

विधानसभा सीट क्रमांक 45 पृथ्वीपुर से कांग्रेस ने दिवंगत विधायक विजेन्द्र सिंह राठौर के पुत्र नितेन्द्र सिंह को उम्मीदवार बनाया जो अपने पिता के चुनाव संचालन का कार्य संभालते रहे है, इनके पिता इस सीट पर चार बार विधायक रह चुके है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इस सीट पर भाजपा के नेता को उम्मीदवार न बनाते हुए समाजवादी पार्टी से पिछला चुनाव लड़ने वाले शिशुपालसिंह यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस उम्मीदवारी को लेकर भी भाजपा के भीतर असंतोष की स्थिति बनी हुई है। यहां पर कांग्रेस अधिक मजबूत नजर आ रही है। क्योंकि कांग्रेस के जो उम्मीदवार है इनके साथ सहानुभूति के साथ पार्टी भी एकजुटता के साथ खड़ी है।

इस विधानसभा सीट पर 2018 में कांग्रेस के विजेन्द्र सिंह 52154 मत ने समाजवादी पार्टी के डॉ. शिशुपाल यादव 44816 मत को पराजित किया था। यहां बसपा को 29992 मत मिले थे वहीं भाजपा को 10305 मत ही ले पाई थी।

इस प्रकार से चार उपचुनाव में 2 सीटों पर भाजपा द्वारा कांग्रेस एवं सपा से आये नेता को उम्मीदवार बनाकर यह साबित कर दिया कि उनके पास कांग्रेस की तरफ से जो उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे गये उनसे मुकाबला करने के लिये मजबूत चेहरे का अभाव है जिसके चलते उनको दूसरों दलों से लाकर उम्मीदवार खड़ा करना पड़ रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी के तरफ से जो चार उम्मीदवार घोषित किये गये इनके प्रति कांग्रेस के भीतर असंतोष की स्थिति कहीं नहीं दिखाई पड रही है। केवल खंडवा सीट पर पहले इसी सीट के पूर्व सांसद अरूण यादव का नाम तेजी के साथ सामने आया था पर बाद में उनके द्वारा जिस तरह से अपना नाम वापस लिया गया, उसको लेकर जरूर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी पर राजनारायण के उम्मीदवार घोषित होते ही फिलहाल सभी एकजुटता के साथ एकमंच पर नजर आ रहे है। कांग्रेस का कहना है कि उन्होंने सर्वे के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया है। वहीं भाजपा का कहना है कि चारों सीटों पर ग्राऊंड लेबल की जो स्थिति है उसे देखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

बहरहाल इन उपचुनाव के परिणाम से राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा परिवर्तन नहीं आयेगा पर कार्यकर्ताओं के साथ आगामी समय में होने वाले नगर पालिका जिला पंचायत, जनपद पंचायत चुनाव के नजरिये से ये परिणाम महत्व रखेगें। उपचुनाव में जितना होमवर्क भाजपा द्वारा किया गया है उतना कांग्रेस के तरफ से देखने नहीं मिला।

# हारजीत का दांव लगाते हुए जुआरी गिरफ्तार 1 लाख 87 हजार रुपये व ताश की गड्डी बरामद

## जुआरियों को पुलिस ने नोटिस पर छोडे, जुआरी को फिर रंगेहाथों दबोचा, छापामार कार्रवाई में 12 जुआरी और 22 बाइक मिलीं

**भिण्ड।** मेहगांव थाना क्षेत्र में जुआ के फड रुक नहीं रहे है। जुआ का फड लगने की सूचना पर भिंड पुलिस ने मेहगांव क्षेत्र के कैथ की बगिया बरहद में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने 12 आरोपियों को रंगे हाथों पकडा। मौके पर 22 बाइक बरामद हुई। पुलिस को जुआरियों ने 1 लाख 87 हजार नकदी जब्त की। पकडे गए जुआरियों में एक आरोपी कुछ ही दिनों पहले अजनौधा में जुआ खेलते पकडा गया था। पुलिस ने आरोपी को नोटिस देकर छोड दिया था। बुधवार को फिर से दबोच लिया। वहीं एक अन्य जुआरी ग्वालियर में पकडा जा चुका है।

पिछले कुछ दिनों से मेहगांव के बरहद के पास जुआ खेलने की सूचना पुलिा को मिल रही थी। एसपी मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में साइवर सेल प्रभारी शिवप्रताप सिंह व अन्य जवानों ने घेराबंदी करके जुआरियों को पकडा। पुलिस पहुंचने से पहले कई जुआरी मौके से भागने में सफल हुए। परंतु पुलिस ने घेरा बंदी करके 12 जुआरियों को पकड लिया। जिसमें अजनौधा निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र दीवान सिंह भदौरिया निवासी अजनौधा मेहगांव को पकड लिया। पुलिस ने जुआ एक्ट का आरोपी धर्मेंद्र को बीते कुछ दिनों पहले अजनौधा में



छापामार कार्रवाई के दौरान पकडा था। इस समय आरोपी को नोटिस पर पुलिस द्वारा छोड दिया गया था। आरोपी दूसरी बार फिर से रंगे हाथों पकड लिया गया। इसी तरह से राजेश पुत्र शिवचरण जाटव को भी पकडा। बताया जाता है कि राजेश कुछ महीनों पहले ग्वालियर में जुआ खेलते पकडे गए थे। इसके बाद पुनः भिंड पुलिस ने पकडा।

### ग्वालियर से आते थे जुआ खेलने

पुलिस ने मौके पर से ग्वालियर निवासी राजू पुत्र शहजाद खान, भिंड निवासी सोनू पुत्र रामविलाश शर्मा बडागांव, ग्वालियर निवासी संजय पुत्र रामचरण शर्मा, थाटीपुर ग्वालियर निवासी संजय पुत्र रामनाथ बाथम, थाटीपुर ग्वालियर निवासी अशोक पुत्र हरिराम बाथम, प्रीतम विहार कालोनी ग्वालियर निवासी रामकेश पुत्र फूलसिंह जाटव, मुरार निवासी राजेश पुत्र रवि गुप्ता, खिरिया तौर निवासी नाथू पुत्र कम्मोद सिंह, सरोज नगर भिंड निवासी राजू पुत्र लक्ष्मण सिंह, मेहगांव निवासी सुनील पुत्र राजाराम धानुक को रंगे हाथों पकड लिया गया। पकडे गए आरोपियों ने नकदी और ताश की गड्डी बरामद हुई। इसके अलावा मौके पर 22 बाइक भी मिली है।

## लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

**भिण्ड।** दुर्गा नवमी के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी चौराहे से 17 बटालियन एसएएफमाता मंदिर तक स्वच्छता का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई। रैली की शुरुवात में इंदिरा गांधी प्रतिमा के आसपास तथा सिटी कोतवाली परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलिथीन वेस्ट कचरा एकत्रित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा चौराहे पर सभी लोगो को स्वच्छता शपथ



दिलाई गई कि हम स्वयं स्वच्छ रहकर अपने घर,कार्यालय और परिवेश को स्वच्छ रखेंगे तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। धीरज गुर्जर ने बताया कि युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 1अक्टूबर से 31अक्टूबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना एवम नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र भिण्ड के जिला युवा अधिकारी आशुतोष शर्मा ने कहा कि स्वच्छता जीवन का अनिवार्य अंग है,जो जितना स्वच्छ रहेगा,वह उतना ही स्वस्थ और समृद्ध बनेगा। सार्वजनिक स्थलों को साफस्वच्छ रखने की हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। -देश बचाओ,पॉलिथीन हटाओ - पृथ्वी बचाओ के नारे लगा रहे थे। मंदिर परिसर में भी पॉलिथीन कचरे को थैलों में इकठ्ठा कर नगरपालिका के डस्टबिन में डंप किया गया गया। इस मौके पर जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू,रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर,ब्लाक कार्डिनेटर आशुतोष शर्मा, भारती भदौरिया, कीर्ति तिवारी, एनवायव्ही आकाश कुशवाह,अंकित दुबे,पार्षद रक्षपाल सिंह राजावत,समाजसेवी राहुल यादव, गगन शर्मा, अमित सिरोठिया, प्रवेंद्र शर्मा,संजीव बैशांदर, प्रशांत पाठक, राहुल कुशवाह सहित स्वयंसेवक नवीन शर्मा,हर्षित यादव रानू चौधरी, खुशी, आरती यादव,रितिक ,निकिता राजावत, रौनक ,अदिति भदौरिया, दिव्या, प्राची, स्वप्निल शर्मा, कृष्णा भदौरिया, लल्लन वर्मा ,अभय, प्रिंस, मधु बंसल, टीना, शीतल, तनुष्का, हिमांशु, मदन, निशांत जादौन आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा हमारे जीवन की संजीवनी है जिसका हम सब को स्मरण करना चाहिए: भदौरिया

**मेहगांव।** राज्यमंत्री ने आजी माता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल की आरती भिण्ड। भाजपा के वरिष्ठ नेता मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन के लिए संजीवनी का काम करती है जिसका हम सबको स्मरण करना चाहिए जो व्यक्ति सच्चे भाव से कथा का रस आनंद प्राप्त करेगा भगवान उसी उसी के हृदय हमें विराजमान हो जाएंगेए यह भवसागर है एवं कथावाचक व्यास द्वारा जो श्रीमद्भागवत कथा का आप सभी को अपने मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का कथा के माध्यम से रसानंद दे रहे हैं जिसे हमें अमृत समझ कर कर पी जाना चाहिए। यह उद्गार उन्होंने अमन के आजी माता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया पार्टी के वरिष्ठ नेता कोक सिंह चौहान मनोज शास्त्री पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह



चौहान मंडल अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह चौहान एवं पार्टी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन मौजूद थे, राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रीराम कथा यह हमारे जीवन का मुख्य आधार है इस समाज में हमें इसका प्रसार करना चाहिए ताकि हमारी हिंदुत्व भावना और हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान के साथ-साथ सनातन धर्म को मजबूती का काम कर सकें, श्रीमद्भागवत कथा में रसपान करा रहे पंडित कथावाचक व्यास जी ने राज्यमंत्री भदौरिया का सम्मान किया और साथ ही श्रीमद् भागवत कथा की आरती में शामिल हुए और इस सफल कार्य के लिए उन्होंने बधाई दी द्य उन्होंने कहा कथा ही हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसे हम सच्चे मन और भाव से स्मरण करेंगे तो निश्चित ही हमारे शरीर में भगवान रूपी ईश्वरी शक्ति प्राप्ति होगी और हम सनातन धर्म को मजबूती की ओर आगे बढ़ा सकेंगेए ऐसा भाव हम सबके मन में जागृत होना चाहिए।

आजी माता मंदिर परिषद में भंडारे की हे संतो को अपने हाथ से खाना खिलाकर उन्हें दक्षिणा स्वरूप भेंट की श्रीमद्भागवत कथा में राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया भंडारे में प्रसादी में संतों को अपने हाथ से खाना परोसकर आशीर्वाद ग्रहण किया और उन्हें दक्षिणा स्वरूप भेंट भी की स उन्होंने भंडारे की व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए भोजन शाला में भी पहुंचे जहां उन्होंने पूर्ण व्यवस्थाओं को भी देखा।

## सहकारिता मंत्री से मुख्यमंत्री बंसल हॉस्पिटल मिलने पहुंचे

### मंत्री भदौरिया अस्वस्थ हैं और बंसल अस्पताल में ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भदौरिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अटेर विधायक डॉ अरविंद सिंह भदौरिया से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, नगरीय प्रशासन आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह भोपाल में स्थित बंसल अस्पताल पहुंचकर उनसे मिले और स्वास्थ्य की जानकारी ली, प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉक्टर भदोरिया के स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञों से राय ली और कहा कि इलाज सही किया जाए ताकि मंत्री जनता की जन सेवा के लिए आगे आकर कार्य करें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी डॉ अरविंद भदौरिया के सीख स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि जल्दी स्वस्थ होकर हम सब का मार्गदर्शन करें और जनता की जन समस्याओं के निराकरण एवं विकास के लिए कार्य योजनाओं को बनवाकर हम सबका सहयोग करेंगे।



### बिना रॉयल्टी के रेत से भरा डंपर एसडीओपी ने पकड़ा

**भिण्ड।** फूप थाना क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे होते हुए एक डंपर चालक चोरी से भरकर लेत उप्र बिना रॉयल्टी के लेकर जा रहा था, जिसकी सूचना एसडीओपी सुरेन्द्र तोमर को मिलते ही दलबल के साथ उसे पकड़ लिया और थाने में ले जाकर खड़ा किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार एसडीओपी सुरेंद्र सिंह तोमर ने बताया मुखबिर जरिए सूचना मिली थी कि क्षेत्र के भदाकुर तिराह पर होते हुए एक डंपर अवैध रूप से रेत भरकर ले जा रहा था, जिस आधार पर चेकिंग पॉइंट लगाकर डंपर क्रमांक एमपी07 एचबी 4697 पकड़ लिया जो डंपर फूप थाना प्रभारी के भतीजे अंशुल गुजर उसे किराए पर ली हुए थे और उसे बिना रॉयल्टी ओवरलोड चलता था और अटेर एसडीओपी ने डंपर को पकड़कर खनिज विभाग को कार्रवाई करने के लिए सौंप दिया।




### रंगदारी के चलते युवक की मारपीट

**भिण्ड।** मिहोना थाना क्षेत्रान्तर्गत घर के सामने चार युवकों ने एकराय होकर एक युवक की मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बसीम पुत्र महमूद खां उम्र 29 वर्ष निवासी कस्बा मिहोना ने बताया बुधवार दोपहर 2 बजे वार्ड क्र.15 निवासी फईम साह, ईशान साह, छोटू साह, हलीम साह ने एकराय होकर गाली-गलौज किया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त लोगों पर अपराध दर्ज कर लिया है।

### खेत से गाय भगाने को लेकर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** रावतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरई में स्थित शासकीय स्कूल के पास एक खेत से गाय भगाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा शुरु हो गया और दोनों लोगों ने एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियादी पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अरविन्द्र पुत्र रामप्रकाश दुबे निवासी बरई ने बताया बुधवार शाम 6.30 बजे खेत से गाय भगाने को लेकर उसी गांव निवासी रामकुमार, उमाकांत त्रिपाठी ने झगड़ा शुरु कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियादी रामकुमार पुत्र शभूदयाल त्रिपाठी ने भी थाने रिपोर्ट दर्ज करायी और बताया अरविन्द, राजकुमार ने भी उनके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अखिल भारतीय कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के राजवीर जिलाध्यक्ष मनोनीत

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के सहमति से राजवीर खन्ना को अखिल भारतीय कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यहां बता दें कि राजवीर काफी समय से संगठन के प्रति ईमानदारी एवं लगन शील तरीके से मेहनत कर रहे थे।जिसको देखते हुए संगठन ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है।वही राजवीर ने कहा कि हम इस दायित्व को संपूर्ण निष्ठा भाव से निभाएंगे एवं संगठन को मजबूत करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

### मुख्यमंत्री चौहान ने नागरिकों को दी विजयादशमी पर्व की बधाई

भिण्ड। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई दी है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा की असत्य पर सत्य की जीत के पर्व को इस वर्ष कोविड प्रोटोकॉल के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सादगी पूर्वक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

### विधायक ने देवगढ़ की सड़क

**भिण्ड।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ में सड़क न होने के चलते ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के दिनों में देखने को मिलती थी बरसात होते ही पूरा मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता था, जिसको लेकर ग्रामीणों ने विधायक संजीवसिंह कुशवाह को अवगत कराया तो उन्होंनें तुरंत मामले में एक्शन लेते हुए सड़क को मंजूर कराकर तुरंत डामरी करण करवाया।

## भाजयु मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे कमलनाथ का पुतला फूंका

### कमलनाथ के बयान का भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध'

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा अभद्र टिप्पणी और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में युवा कार्यकर्ताओं ने ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के सम्मान में भारतीय जनता युवा मोर्चा मैदान में कमलनाथ होश में आओ होश में आओए माफी मांगोए माफी मांगो के नारे लगाते हुए परेड चौराहे पर उन्होंने प्रदर्शन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आह्वान पर युवा मोर्चा



कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ का पुतला परेड चौराहे पर जलाकर और जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो के जिला महामंत्री उपेंद्र राजौरिया ने कमलनाथ के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कमलनाथ अपने पद की गरिमा और मर्यादा भूलकर संस्कार विहीन हो गए हैं। उम्र के साथ इनकी यादाश्त भी कम हो गयी है क्योंकि ये मंच पर नेताओं के नाम भी भूल जाते हैं। ये वही कमलनाथ हैं जो महिलाओं पर गंदी टिप्पणी कर उन्हें सजावट का सामान बताते हैं। भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एडवोकेट विक्रांत सिंह कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह भदोरिया ने कहा कि अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने की आदत कांग्रेस और उनके नेताओं की बन गई है। इनका पतन होना निश्चित है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा संस्कारों में और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़कर उन्होंने काम किया है द्य उपचुनाव में लोकसभा और विधानसभा मैं भाजपा प्रत्याशियों की बढ़ती हुई ताकत को देखकर बौखला कर इस प्रकार के आरोप लगाए हैंए यह लोकतंत्र के विरुद्ध है और उन्हें भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं है द्य यदि उन्हें भान होता तो मर्यादा में रहकर सभा में बोलतेए संगठन बहुत बड़ी ताकत है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से कमलनाथ को तत्काल माफी मांग लेना चाहिए।

## वातावरण को स्वच्छ रखना भी सच्ची समाज सेवा

### अमृत महोत्सव के अंतर्गत मण्प्रण्जन अभियान परिषद ने किया कार्यक्रम

**भिण्ड।** यदि हम अपने आसपास स्वच्छता रखेंगे तो यह भी भारत माता की सच्ची सेवा है अतः हमें चाहिए कि हर दिन कम से कम 2 घंटे अनिवार्यता से श्रमदान करके स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उक्त बात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्राचार्य अरविंद कुमार मिश्रा ने कही। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग विकासखंड रौन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिहोना में स्वच्छ भारत क्लीन इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक जयप्रकाश शर्मा ने कहा महात्मा गांधी ने देश की आजादी के साथ स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना की थी। आज हम स्वच्छ भारत . स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार करने के लिए व्यक्तिगत एवं आसपास साफसफाई रखें। ताकि लोगों को बीमारियों से बचाया जा सकेए स्वच्छता रखना केवल एक व्यक्ति की ही नहीं बल्कि सभी की जिम्मेदारी है। आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर पूरे



प्रदेश में अमृत महोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मेंटर्स प्रेम नारायण बरुआ ने कहा हम सभी कोए जन.जन को जागरुक करने का कार्य करना है हम सबको प्रकृति के अनुकूल चीजों का उपयोग करना चाहिए। शर्मा द्वारा सभी वॉलिंटियर्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन हरी बाबू शर्मा और आभार प्रदर्शन रामवीर सिंह राजावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी वॉलिंटियर्स द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गयाए विभिन्न स्थानों से प्लास्टिक को एकत्रित कर संग्रहण किया। कार्यक्रम में मेंटर्स अनिल बोहर, गौरव झा, शर्मिला शर्मा, कृष्णकांत, रवि भारद्वाज, नरेंद्र सिंह राजावत, महेंद्र यादव, अजय गुप्ता सहित 50 से अधिक वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

### ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय परिसर में आने वालों को सिखाऐ गये हैंडवॉश के तरीके एवं फायदे

**भिण्ड।** ग्लोबल हैण्डवॉशिंग दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय परिसर में एक शिविर आयोजित कर चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं आने वाले व्यक्तियों को हैंडवॉश की विधि समझाई गई। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे मनाया जाता है। चिकित्सीय सलाह के अनुसार हाथ न धोने के कारण सबसे अधिक बीमारियां पैदा होती हैं। इसे मनाने का उद्देश्य हाथों को अच्छी तरह से धोने के फायदों और इसके महत्व को आमजन सामान्य में जागरूकता फैलाना है। हैंडवॉषिंग दिवस पर डॉ.अजीत मिश्रा सीएमएचओ, डॉ.अनिल गोयल, सीएसए एवं डॉ. सौरभ जैन आरएमओ, श्रीमती रीना यादव एमएच कॉर्डीनेटर, डॉण.अवधेश सोनी, डॉ.साकार तिवारी, डॉ.वरूण शर्मा सहित चिकित्सक और स्टाफ की उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिश्रा ने बताया कि हाथ धोना भी एक दवा की तरह है। अगर आप हाथों को नहीं धोते हैं तो वायरस के संक्रमण या बैक्टीरिया के सम्पर्क में आ सकते हैं जिसकी वजह से अधिकतर लोग बीमार पडते हैं। यदि आप नित्य हैंडवॉशिंग करते हैं तो निश्चित ही बीमार नहीं पडेगे एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।



# खाद के लिए अन्नदाता परेशान, खाद पर लगाया पुलिस का पेहरा

### थाना प्रभारी ने मंडी कर्मचारी को दिया धक्का, एसडीएम ने मामला शांत कराया

गोहद। रवि के सीजन के चलते किसानों का बोवनी का कार्य शुरू हो गया गया है। ऐसे में किसानों के लिए खाद भूखे के लिए भोजन जैसा है। खाद की व्यवस्था के लिए प्रशासन ने पुलिस की मदद मांगी। लेकिन थाना प्रभारी ने व्यवस्था बनाने की जगह बिगा? दी होती क्योंकि थाना प्रभारी द्वारा मंडी कर्मी से धक्का मुक्की कर दी अपना परिचय मंडी कर्मचारी के रूप में देने के बाद भी थाना प्रभारी ने कर्मचारी के साथ अभद्रता कर दी। मंडी कर्मचारी ने पूरी घटना एसडीएम को बताई तब जाकर एसडीएम ने मामले को रफा दफा करवाया। ज्ञात हो कि किसानों के लिए डीएपी खाद की रेट 1205 रुपए शासन द्वारा निर्धारित की गई है। सरकारी सोसायटियों पर इसी रेट पर किसानों को खाद दिया जा रहा है। लेकिन गोहद नगर में संचालित मार्केटिंग सोसायटी पर किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। खाद की किल्लत के चलते किसान सुबह से ही खाद पर लगने वाली लाइन में लग जाता है सुबह से खाद की लाइन में लगते लगते किसान को रात हो जाती है मगर फिर भी किसानों को खाद नही मिल पा रहा है। खाद को लेकर किसानों की भी? को देखते हुए प्रशासन पुलिस के पहरे में खाद बाँट रहा है। ब? कृषि खाताधारक किसानों को 5 खाद के कट्टे व छोटे कृषि खाताधारक किसानों को 2 कट्टे ही खाद के दिये जा रहे है। मजबूर किसान को प्रशासन द्वारा दिये जा रहे खाद के कट्टो में ही सन्तोष करना प? रहा है। ऐसे किसान मजबूर होकर प्राइवेट दुकानों से खाद खरीद रहे हैं। बाजार में प्राइवेट दुकानों पर किसानों को डीएपी की बोरी 1500 रुपए में दी जा रही है। इसी



प्रकार दुकानों पर किसानों को यूरिया खाद भी 272 रुपए की जगह 350 रुपए में मिल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इस बात की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद प्राइवेट दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बोवाई का समय अभी चल रहा है ऐसे समय किसानों को डीएपी और यूरिया खाद की जरूरत पड़ती है। इसके बाद भी कृषि विभाग समय रहते सोसायटी पर किसानों के लिए पर्याप्त खाद की व्यवस्था नहीं करा सका। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को मजबूरी में प्राइवेट दुकानदारों से महंगे दामों में डीएपी और यूरिया खाद खरीदना पड़ रही है।

#### इनका कहना है

1205 रुपए के खाद के कट्टे को 1500 में बेचने की सूचना पर कुछ प्राइवेट दुकानों को चेक किया लेकिन यह खबर गलत निकली। व्यवस्था बनाने के लिए में आज सुबह से ही गल्ला मंडी परिसर में रहा 1000 से अधिक किसानों को खाद बाटा गया अभी भी बॉट रहे है। किसानों के लिए आज पानी व टेंट की व्यवस्था की गई थी।

## लाडली लक्ष्मी उत्सव मुख्यमंत्री के हाथों भोपाल की लाडलियां भी हुई लाभांवित



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे, 9826576206।**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को लाडली उत्सव में प्रदेश की लाखों लाडलियों के साथ भोपाल की एक लाख 25 हजार 966 बालिकाओं को लाभांवित किया। भोपाल जिले में अभी तक 1 लाख 25 हजार 966 बालिकाओं का पंजीयन कर योजना से लांभावित किया गया है। योजना अंतर्गत बालिका को कक्षा 06वीं में प्रवेश पर राशि 2 हजार रूपए, कक्षा 9वीं में प्रवेश पर राशि 4 हजार रूपए, कक्षा 11वीं में प्रवेश पर राशि 6 हजार रूपए तथा कक्षा 12वीं में प्रवेश पर राशि 6 हजार रूपए वार्षिक की छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाता है तथा 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर राशि रूपए एक लाख बालिका के खाते में ई-पेमेंट के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। एक लाख रूपये की राशि बालिका को कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने तथा उसका विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत होने पर ही प्रदाय किया जाएगा । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भोपाल योगेन्द्र यादव ने बताया कि भोपाल जिले में अभी तक कुल 21 हजार 141 बालिकाओं को कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं तक पहुँचाने पर छात्रवृत्ति के रूप में कुल राशि 4 करोड 88 लाख 73 हजार 141 रूपये ई-पेमेंट के माध्याम से बालिकाओं को भुगतान किया गया है। उक्त छात्रवृत्ति राशि से बालिकाओं को शिक्षा में मदद प्राप्त हो रही है।

## 6000 टन यूरिया और डीएपी खाद का स्टॉक उपलब्ध है सभी किसानों को मिलेगा : ओ पी एस भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**



भिण्ड । भाजपा के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि किसान धैर्य बनाए रखें, मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार हर दुख संकट में किसानों के साथ खड़ी है मेहगांव के किसानों से उन्होंने आग्रह किया की किसी भी प्रकार की झूठी अफवाहों पर ध्यान ना देते हुए वे धैर्य बनाए रखें 7 वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, कांग्रेस किसानों को माध्यम बनाकर अफवाह फैला रही है जो कि पूर्णतः निराधार है ।

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि 6000 टन यूरिया और डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है जोकि सभी सोसाइटी और वितरण केंद्रों पर शीघ्र से मिलने लगेगा । आप सभी किसान भाइयों से निवेदन है कि कांग्रेस की झूठी अफवाहों में ना आए और शांति और सद्भावना के साथ खाद को प्राप्त करें ।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासनिक अधिकारियों से खाद संकट मामले को लेकर समीक्षा की है उन्होंने भी स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं खाद सभी किसानों को केंद्रों पर उपलब्ध हो किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हों ।राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली अध्यक्षता में संपन्न हुई, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के किसानों के हित में डीएपी खाद पर सब्सिडी को 1212 रुपए से बढ़ाकर 1632 रुपए प्रति बोरी किया गया है 7 अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में अधीक्षक वृद्धि होने के बावजूद भी किसानों को डीएपी की एक बोरी1.200 रुपए में मिलेगी जोकि किसानों के हित में मोदी सरकार का एक और ऐतिहासिक निर्णय स्वागत योग्य है जो किसानों को आत्मनिर्भर की ओर ले जाएगा ।

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मैं मेहगांव और संपूर्ण भिंड जिले के किसानों से मैं आग्रह करता हूं की मैं और शिवराज सरकार किसानों के साथ हमेशा आपके साथ हर समस्या के बीच खड़ी है 7 राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस तो हमेशा किसानों से झूठ बोलकर मोदी और शिवराज सरकार की स्वच्छ छवि को धूमल करने का प्रयास करती है क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है और ना ही कोई नीति है इसीलिए मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वह शांति व सद्भावना के साथ खाद वितरण में सहयोग शासन और प्रशासन का बनाए रखें भीड़भाड़ ना करें सभी को एक समान खाद उपलब्ध कराई जाएगी ।

## डेंगू ने बाह थाने में भी दी दस्तक, दो सिपाही भर्ती

### डेंगू ने बाह थाने में भी दी दस्तक, दो सिपाहियों की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया गया भर्ती, सीएचसी के डेंगू बार्ड हुए फुल,बाह थाने में ऐंटी लार्वा का छिड़काब,कराई गई फोगिंग



**दैनिक पुष्पांजली टुडे।**

बाह। ग्रामीण अंचल में डेंगू के मामलो मे तेजी से उछाल आ गया है। डेंगू के डंक से मासूमो सहित अब तक कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। बाह में डेंगू का डंक बाहे थाने में दस्तक दे गया है। गुरुवार को हालत बिगड़ने पर दो सिपाहियो आशीष और अनुराग को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह में भर्ती कराया गया है। प्रारम्भिक जांच में जिनमें डेंगू की पुष्टि हुई है। थाने मे डेंगू की दस्तक से थाने के पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। गुरुवार को ऐतिआतन बाह थाने में ऐंटी लार्वा का छिडकाव और फोगिंग कराई गई। बाह, जैतपुर पिनाहट में पिछले तीन दिनों में डेंगू से पीडित मरीजो की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। जिसकी बजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह के तीनों बार्ड फुल हो गये हैं। बाह के अधीक्षक डा0 जितेन्द्र वर्मा ने बताया तीन बार्ड फुल हो गये जिनमें 24 मरीजों का उपचार चल रहा है। अपातकालीन कक्ष मे चार मरीज और भर्ती किये जा सकते हैं। स्थित नियंत्रण में है ।

## प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से निखारने से संस्था को एक नई दिशा मिलती है-अधिवक्ता शिल्पा डोगरा

**पुष्पांजली टुडे।** ग्वालियर। बीजासेन माता मंदिर काका गार्डन के सामने गुड़ा लश्कर ग्वालियर एवं गौरवशाली सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मां शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ दिनांक से बाल मनुहार बच्चों द्वारा जो मनमोहक प्रस्तुति दी गई अधिकांश बच्चों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आज गुरुवार को मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती रुचि राय ठाकुर जी, विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ के पूर्व सचिव सीनियर अधिवक्ता श्री वीरेंद्र पाल जी, गौरवशाली सामाजिक संस्था की संरक्षिका श्रीमती रीता डोगरा जी एवं मंचासीन अतिथियों ने माता रानी का आशीर्वाद लेकर मीडिया जगत से पधारे हुए पत्रकार बंधुओं में द संघर्ष न्यूज के संपादक राजेंद्र झा जी, आईबीएन न्यूज़ से संदीप शुक्ला जी, हिमांशु जी, एक देश एक आवाज से पधारे हुए पत्रकार बंधुओं को माला पहनाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संकल्प कोई भूखा न सोए में विशेष सहयोग करने के लिए अधिवक्ता श्री शाबिर उस्मानी जी, अधिवक्ता अमित त्रिपाठी जी,अधिवक्ता कपिल सिंघल जी, समाजसेवी दयाल बैंड के संचालक श्री अजय कुकरेजा जी, गुडा क्षेत्र से छुट्टन कुशवाह जी, भगवान लाल कुशवाह जी, गोरेलाल जी, लाइट की व्यवस्था देख रहे जुगनू जी, सहित अधिकांश बाल मनुहार बच्चों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से बीजासेन माता मंदिर काका गार्डन के सामने स्थित क्षेत्रवासी गण को भी माला पहनाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा एवं संस्था के सदस्य गजराज सिंह गौड़ सहित संस्था के हर कार्यो में सहयोग करने वाले पुष्पा कुशवाह, राज करन, हिमांशु करन सहित कई जनों को सम्मानित किया गया। संस्था की वार्ड अध्यक्ष श्रीमती रानी गौड़, सदस्य श्रीमती लक्ष्मी करन, सुनील करन ने आज के कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका निभाई जिससे संस्था की संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने कार्य की प्रशंसा की।कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा ने मंचासीन अतिथियों एवं सभी श्रद्धालु जन बाल मनुहार बच्चों का आभार व्यक्त किया।



## परम श्रद्धेय राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि समरसता दिवस पर झुग्गी बस्ती में स्वदेशी जागरण मंच श्रधांजलि कार्यक्रम किया

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर महानगर संयोजन के. सी. शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत विभाग ग्वालियर के द्वारा ग्वालियर भिंड रोड कनक गार्डन

के सामने स्थिति झुग्गी में रह रहे परिबारो के बीच श्रधेय ठेंगड़ी जी की पुण्य तिथि पर श्रधा सुमन अर्पित किये ।

कार्यक्रम परिबार के रूप में मनाये हुए सभी को स्वलपाहार वितरित किया श्रधेय ठेंगड़ी के आर्थिक असमानता के संवंध में विचार रखे। बच्चों को उत्साहित करते हुए पारतोषक भी दिए।

कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी के नारे लगाए गये ।

श्रधेय ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि पर स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत विभाग ग्वालियर के कार्यकर्ताओ द्वारा श्रधेय ठेंगड़ी जी के बिचार जन जन तक पहुचाने के लिए जिला ग्वालियर, जिला लश्कर मेंपत्रक वितरित किये।



कार्यक्रम का संचालन पृचार पृमुख दैवेश थापक ने किया । संबोधन मध्यभारत पृांत के विचार पृमुख राकेश शर्मा एवं जिला ग्वालियर के संयोजक के सी शर्मा ने किया।आभार व्यक्त जिला ग्वालियर के सह संयोजक डा अमृत राजे ने किया। बच्चों को पृोत्साहन स्वरूप पारतोषक नगर मुरार के संघर्ष वाहिनी पृमुख नितिन नीखरा ने दिए।



## शासन की लाख कोशिश करने के बावजूद भी सचिव जाहन सिंह भदोरिया की चल रही है दादागिरी किसानों को गुमराह किया जा रहा है

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव । दरअसल मामला भिंड जिले के मेहगांव विधानसभा का है धनौली सचिन जहान सिंह भदोरिया ने खाद देने के नाम पर एक किसान से मशीन पर अंगूठा लगवाया और उसके खाते से 45 बोरी का चालान काट दिया लगातार चार दिन से किसान बार-बार सचिव के दरवाजे पर जा रहा था फिर भी सचिव ने बोरी नहीं दी किसान ने जब एसडीएम से शिकायत की तो एसडीएम साहब ने देखा तो उस किसान की 45 बोरी सचिव के द्वारा निकाल कर किसी दूसरे को दे दी जाती है सचिव भदोरिया होने के कारण कहीं ना कहीं मंत्री जी का संरक्षण ले रहे हैं इसीलिए तो किसानों के साथ में छल और कपट किया जा रहा है आखिर जिले के अधिकारी इस ओर क्यों नहीं दे रहे ध्यान जब किसान ने अपनी पीड़ा पत्रकारों को बताई तो वहां पर बैठे संबंधित अधिकारियों ने उस किसान को 5 बोरी दी और अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया कि हम सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे अब देखना यह होगा सचिव भदोरिया जी है देखते हैं इनके ऊपर क्या कार्रवाई की जावेगी

# सीएम शिवराज सिंह चौहान का लाड़लियों को दिया बड़ा तोहफा

## भोपाल में कॉलेज जाने वाली छात्राओं को 25 हजार मिलेंगे

**भोपाल** / मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराह सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के कॉलेज में पढने् वाली छात्राओं को 25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। गुरुवार को दुर्गा नवमी के दिन लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम भोपाल के मिंटो हॉल में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कन्याओं की पूजा कर की। प्रदेश की 21 हजार से ज्यादा बालिकाओं के खाते में 6 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इस अवसर पर लाड़ली लक्ष्मी पोर्टल शुरू के निर्देश दिए। इसमें लाड़ली का पूरी जानकारी होगी। हरियाणा की गुरु मां विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुईं।

एमबीबीएस, बीई, आईआईएम और आईआईटी जैसे कोर्स करने वाली लड़कियां की पूरी फीस अब सरकारी भरेगी। कार्यक्रम से प्रदेश की लगभग 40 लाख लाड़ली लक्ष्मी और बेटियां ओर परिजन वर्चुअली माध्यम से इस कार्य्रक्रम से जुड़ी। शिवराज ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना सिर्फ एक योजना नहीं है। यह मेरे भाव हैं। बेटियों को सशक्त बनाने के



लिए भरपूर प्रयास किए जाना जरूरी हैं। बेटियों को केवल पूजना ही नहीं बल्कि उन्हें बचाना और सबकी लाड़ली बनाना हमारी जिम्मेदारी है। बेटियों की शिक्षा और उनकी समृद्धि के लिए कोई भी कमी नहीं रहने दी जाए। कार्यक्रम में लगभग 40 लाख लाड़ली लक्ष्मी और बेटियों को वर्चुअली भी जोड़ा गया। मध्य प्रदेश की प्रत्येक आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवनों में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा 60 लाख 62 हजार लाड़लियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। 21650 लाड़लियों के खाते में राशि डाली।

### 47200 करोड़ बेटियों के लिए सुरक्षित

अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि पहले योजना का विरोध हुआ। आज 47200 करोड़ रुपये बेटियों के लिए सुरक्षित रख दिया। मैं योजना बनाकर छुट्टी पाने वाला नहीं। आगे भी ऐसे नहीं छोड़ेंगे। माता-पिता की अलग जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम ट्रेकिंग करेंगे। ऐसा नहीं कि घर में रोटी बनाओ। रोटी बनाना भी बुरा नहीं है। आगे बढना् है कुछ करना है। योजना में नया कर रहे। उनके भविष्य की चिंता करेंगे। सन्मार्ग की तरफ चलने की योजना बनाएंगे।

### लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली घोषित होंगी ग्राम पंचायत

सीएम के अनुसार शिक्षा का बेहतर प्रबंध करेंगे। कालेज में एडमिशन लेने पर अतिरिक्त 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। कालेज में जाने का समय निर्णायक है। इसकी योजना बना रहे। मप्र में लाड़ली लक्ष्मी दिवस और उत्सव मनाया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी की जन्म के समय ही प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायत घोषित करेंगे। सरकारी नौकरी नहीं अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार दिलाएंगे। उद्योग सेक्टर में भी जा सकेंगे। व्यावसायिक संस्थानों में तुम्हारे प्रयास से एडमिशन हुआ तो 8लाख रुपये तक की फीस सरकार देगी। संस्थान सरकारी हो या निजी। हमने कानून बना दिया कोई इसे बदल नहीं पाएगा। शादी की चिंता भी मामा करेगा और शादी में भी आएगा। मैं चाहता हूं यह योजना विश्व में आ जाए। समाज को संदेश देने के लिए नवमी के दिन कार्यक्रम रखा गया है। माता पिता से कहा मेरी लाड़लियों का ध्यान रखना। और जरूरत हो तो बताना।



# दुर्गा नवमीं पर प्रदेश अध्यक्ष ने सपत्नीक किया कन्या पूजन

### कन्या भोज करवाकर बेटियों को दिया साइकिल का उपहार

**भोपाल** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को महानवमीं के अवसर पर धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. स्तुति शर्मा के साथ चार इमली स्थित निवास पर कन्या भोज का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सपत्नीक कन्याओं को अपने हाथों से भोजन कराकर तिलक लगाया और उनके पैर पूजकर आशीर्वाद लिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कन्यापूजन के पश्चात् बेटियों को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। महानवमीं के पूजन के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मॉ नवदुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर से वर्चुअल दिखाई हरी झण्डी

## -अब बदरवास स्टेशन पर भी रूकेगी इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस



**भोपाल** / शिवपुरी जिले के बदरवास स्टेशन पर अब 09307 इंदौर-चंडीगढ़ और 09308 चंडीगढ़-इंदौर साप्ताहिक ट्रेन रूकेगी। इससे इस अंचल के लोगों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिल गई है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को ग्वालियर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से इस ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झण्डी दिखाकर बदरवास स्टेशन से आगे के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि बदरवास स्टेशन के विकास के लिये रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार करोड़ की धनराशि मंजूर कर दी है।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर रेल सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हर रेलवे बजट में इन क्षेत्रों के लिये उन्होंने सौगातें दिलाने के प्रयास किए हैं जो सफल भी हुए हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर को जल्द ही वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। आगामी वर्ष 2022 में दिल्ली - ग्वालियर - भोपाल वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की घोषणा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि म्याना में भिण्ड-रतलाम एक्सप्रेस और पिपरई में साबरमती एक्सप्रेस के स्टॉपेज हो गए हैं।


### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दीनदयाल रसोई वाहन को दिखाई हरी झण्डी

ग्वालियर शहर में प्रदेश सरकार की पहल पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और जरूरतमंदों को सस्ती दर पर भोजन मुहैया कराने के लिये संचालित दीनदयाल रसोई में एक और नया आयाम जुड़ा है। ग्वालियर नगर निगम ने भोजन पकाने की सुविधाओं सहित एक और वाहन तैयार कराया है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर इस वाहन को शहर के लिये रवाना किया।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल व साडा के पूर्व अध्यक्ष राकेश जादौन सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस ने ली शपथ

## -आरवी मलिमथ को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिलाई शपथ



**भोपाल** / मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस आरवी मलिमथ ने गुरुवार को पद की शपथ ली। राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ, संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा, चिकित्सा शिक्षा सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री व न्यायिक व प्रशासनिक अफसर मौजूद थे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने आरवी मलिमथ के नाम की अनुशंसा 16 सितंबर को किया था। 9 अक्टूबर को तबादला आदेश जारी हुआ था।

नए चीफ जस्टिस मलिमथ का जन्म 25 मई 1962 को हुआ था। उन्होंने 28 जनवरी 1987 को कर्नाटक हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। बतौर अधिवक्ता संवैधानिक, सिविल, आपराधिक, श्रम और सेवा मामलों में महारथ हासिल की। 18 फरवरी 2008 को कर्नाटक उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश और 17 फरवरी 2010 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए।

### कर्नाटक के रहने वाले हैं नए चीफ जस्टिस

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने आरवी मलिमथ के नाम की अनुशंसा 16 सितंबर को किया था। 9 अक्टूबर को तबादला आदेश जारी हुआ था। नए चीफ जस्टिस मलिमथ का जन्म 25 मई 1962 को हुआ था। उन्होंने 28 जनवरी 1987 को कर्नाटक हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। बतौर अधिवक्ता संवैधानिक, सिविल, आपराधिक, श्रम और सेवा मामलों में महारथ हासिल की। 18 फरवरी 2008 को कर्नाटक उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश और 17 फरवरी 2010 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए।

### कर्नाटक सहित दो पहाड़ी राज्यों का अनुभव

मार्च 2020 में वे उत्तराखंड के उच्च न्यायालय के लिए स्थानांतरित कर दिए गए। 5 मार्च 2020 को उत्तराखंड के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का पद ग्रहण किया। 28 जुलाई 2020 को वे उत्तराखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए। 07 फरवरी 2021 को उन्हें हिमाचल प्रदेश का चीफ जस्टिस का दायित्व संभाला था। अब एमपी के नए चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेंगे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष श्री शर्मा 15 अक्टूबर से चुनाव प्रचार पर

### विजयादशमी पर पृथ्वीपुर में 15 अक्टूबर को फहराएंगे विजय संकल्प ध्वज

### 16 अक्टूबर को बड़वाह एवं 17 को भीकनगांव में रहेंगे प्रवास पर

**भोपाल** / भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा 15 अक्टूबर से चुनाव प्रचार पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ विजयादशमी पर्व पर 15 अक्टूबर को पृथ्वीपुर में विजय संकल्प ध्वज के रूप में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा 16 एवं 17 अक्टूबर को बड़वाह तथा भीकनगांव के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा 15 अक्टूबर पृथ्वीपुर में आकाश मैरिज गार्डन से कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में रवाना होंगे। रैली बस स्टैण्ड, अंबेडकर तिराहा, पुजरयाना मोहल्ला, साहू समाज मंदिर, लुकमान चौराहा होते हुए दोपहर 2.00 बजे वापस बस स्टैंड पहुंचेगी जहां प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा विजय संकल्प ध्वज फहराएंगे और नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे।

श्री शर्मा 16 अक्टूबर को खंडवा लोकसभा क्षेत्र के बड़वाह के प्रवास पर रहेंगे। श्री शर्मा प्रातः 11 बजे विवेकानंद विद्या विहार में युवा सम्मेलन एवं दोपहर 12 बजे ग्राम बफलगांव में आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे उमड़कर मार्केट में मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के पश्चात् दोपहर 2.30 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे नावलघाटखेड़ी में सामाजिक संगठनों के प्रमुख धार्मिक मठ मंदिर आश्रम में संपर्क करेंगे। श्री शर्मा सायं 4 बजे चित्रमोड में आमसभा एवं सनावद नगर में सायं 5 बजे बूथ व पन्ना समिति सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सायं 6.30 बजे ग्राम बडुद में जनसंपर्क, रात्रि 7 बजे समाज के गणमान्य नागरिक एवं की वोटर्स के साथ संवाद एवं रात्रि 8 बजे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे बड़वाह से भीकनगांव पहुंचकर ग्राम अंजनगांव में आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दोपहर 12 बजे आनंद श्री गार्डन में युवा सम्मेलन को संबोधित करने के पश्चात् दोपहर 1 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.30 बजे मारूगढ़ आश्रम में सामाजिक संगठनों के प्रमुख धार्मिक मठ मंदिर आश्रम में संपर्क करेंगे। दोपहर 3 बजे झिरन्या में बूथ व पन्ना समिति सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# जिले में 25 अक्टूबर तक पांच रैक लगेंगी, लगभग 6 हजार मेट्रिक टन डीएपी मुरैना को मिलेगा - चंबल कमिश्नर

## अधिकारी वितरण व्यवस्था सुधारें, किसानों को हर हाल में खाद उपलब्ध करायें
## प्रायवेट दुकानों पर खाद की उपलब्धता न कराने पर उपसंचालक कृषि को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना** / चंबल एवं ग्वालियर कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने खाद वितरण से जुड़े समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि किसानों को रबि फसल के लिये खाद मिले। जिले में खाद की उपलब्धता बराबर मिलती रहेगी। इसके लिये 25 अक्टूबर तक 5 रैक मुरैना में लगेगी, जिससे 5 हजार 861 मैट्रिक टन डीएपी मुरैना को प्राप्त होगा। किसान संयम से काम लें। खाद की पर्याप्त मात्रा है, सभी को खाद प्राप्त होगा।

चंबल कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिले में खाद्य वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। प्रत्येक किसान को टोकन वितरण करें, खाद की उपलब्धता पर ही टोकन की संख्या वितरण की जाये ऐसा न हो कि किसान टोकन प्राप्त कर शाम को बिना खाद के घर लौट जाये। दुकान पर खाद उपलब्ध न हो तब किसान से मांग पत्र भरवाकर रखें। खाद प्राप्त होने पर तत्काल उसी किसान को सूचित करें। यह निर्देश उन्होंने गुरूवार को कलेक्टर कक्ष में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक श्री ललित शाक्यवार, सीईओ जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह, एसडीएम श्री संजीव कुमार जैन, संयुक्त आयुक्त सहकारिता भोपाल श्री अरविंद सिंह सेंगर, संयुक्त संचालक कृषि ग्वालियर,



श्री डीएल कोरी, उपायुक्त सहकारिता श्री सीपीएस भदौरिया, उपसंचालक कृषि श्री पीसी पटेल, डीएमओ मुरैना श्री प्रवीण मूंदड़ा, जोनल मैनेजर ग्वालियर श्री रितिक टेमरे, क्षेत्रीय कृभको के अधिकारी श्री अभिषेक मोदी, महाप्रबंधक सीसीवी श्री रामवीर सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना खाद की मॉनीटरिंग एवं वितरण की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि श्री पीसी पटेल प्रायवेट दुकानों पर खाद की उपलब्धता की जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि उपसंचालक पृ*षि श्री पटेल को एक-एक पल और एक-एक बोरी का हिसाब रखना चाहिये, जो पटेल द्वारा नहीं किया गया। इस पर कमिश्नर ने असंतोष व्यक्त करते हुये, उपसंचालक कृषि को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी एडवांस में कार्यवाही करें। खाद की रैक आने पर फोटो खींचकर तत्काल ट्रांसपोर्टर को निर्देशित करें। रेल्वे स्टेशन से खाद डबललॉक में न जाते हुये, सीधे सेल्स पॉइंट पर डीएपी पहुंचे। इसके लिये खाद वितरण से संबंधित अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें। कृषि विभाग के सभी एसएडीओ और तहसीलदार एवं कोटवार चिन्हित पॉइंटों पर 24 घंटे सतत निरागनी बनाये रखें। जिले में 73 वितरण केन्द्र बनाये गये हैं, इन वितरण केन्द्रों पर पॉस मशीन लगी हुई है, अगर मशीन किसी कारणवश खराब होती है तो वहां लंबी-लंबी लाइनें देखने को नहीं मिलना चाहिये। इसके लिये भले ही किसान को ऑनलाइन की बजाये ऑफलाइन खाद का वितरण कराया जाये। जिसका लेखा-जोखा रजिस्टर में संधारित किया जाये। उन्होंने कहा कि कुछ सेंटर ऐसे हैं जो पॉस मशीन से खाद वितरण नहीं हो रहा है वहां की व्यवस्था पास के ही सेंटर पर कराई जाये जिससे किसान लंबी दूरी तक यात्रा करके परेशान न हों। संख्या अधिक होने पर ऑफलाइन भी खाद वितरण करने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि कई दुकानदार ऐसे हैं कि जो पॉस मशीन खराब बता रहे हैं और चोरी छिपे खाद का विक्रय कर रहे हैं उनके लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जायें। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि मुरैना जिले को डीएपी खाद की रैक 15 अक्टूबर को 832 टन 20 अक्टूबर को 1296 टन, 19 अक्टूबर को 790 टन, 21 अक्टूबर को 2343 टन और 24 अक्टूबर को 600 मैट्रिक टन डीएपी खाद मुरैना में पहुंचेगा। इसके लिये अधिकारी प्लानिंग से कार्य करें। मुझे किसी भी सेंटर की शिकायत या अफरा-तफरी का वीडियो वायरल होते हुये पाया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करूंगा। चंबल कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक वितरण केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे और एक माइक सिस्टम लगवाया जाये जिससे जिस किसान का टोकन नंबर आता है उस किसान को आवाज दी जाये और उसको खाद की बोरी उपलब्ध कराई जाये।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग को आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**भोपाल** / प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने गुरुवार को चुनाव आयोग को तीन अलग अलग शिकायतें सोपते हुए आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 40 लाख लाडली लक्ष्मीओ को संबोधित कर उपचुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लोक सभा और 3 विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव चल रहे हैं जहां 30 अक्टूबर को मतदान होना है ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उक्त क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य भोपाल के मिंटो हाल में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश की 40 लाख लाडली लक्ष्मीओ को संबोधित कर अपनी सरकार के गुड़गान किए । जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं वहां भी लाडली लक्ष्मी को लाभ के उद्देश्य यह घोषणाएं की गई हैं। धनोपिया ने शिवराज सिंह से सवाल पूछते हुए कहा कि 14 साल बाद इस तरह की घोषणा करने का क्या औचित्य है सिवाय इसके कि उपचुनाव के मतदान मे मतदाताओं को प्रभावित कर सकें ।धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई 40 लाख लाडली लक्ष्मी योजना के कार्यक्रम को रोका जावे। उपचुनाव वाले क्षेत्रों में यदि फिर भी कार्यक्रम आयोजित होता है तो उनके विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जावे । वही धनोपिया ने एक और शिकायत में है कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक सीमा उत्तर प्रदेश से लगी होने एवं भाजपा प्रत्याशी के उत्तर प्रदेश से संबंध होने से अवांछित तत्व की आवाजाही बढ़ने के कारण विशेष पुलिस बल परीक्षक नियुक्त करने की चुनाव आयोग से मांग की है धनोपिया ने कहा कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया का पालन कराने के लिए आवश्यक है कि प्रदेश से बाहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को विधानसभा क्षेत्र मैं विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए जिनकी देखरेख में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण तरीके से कायम रखी जा सके क्योंकि क्षेत्र में कई पुलिस अधिकारी 3 बरसों से अधिक अवधि से पदस्थ है एवं उन्हें भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त हो रहा है इसलिए वे खुलकर कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनों में भय का वातावरण निर्मित कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य कर रहे हैं। एक अन्य शिकायत में धनोपिया ने जोबट विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जिला अलीराजपुर के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने के कारण पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग चुनाव आयोग से की है ।

# अब मुरार क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

### केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने जिला चिकित्सालय मुरार में किया आईसीयू व ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण और सीटी स्कैन के लिए भूमिपूजन

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी और ऊर्जा मंत्री श्री तोमर भी हुए कार्यक्रम में शामिल





ग्वालियर । जिला चिकित्सालय मुरार में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के नए आयाम जु? हैं। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट व 20 बिस्तरीय आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) का लोकार्पण एवं सीटी स्कैन मशीन की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से मुरार क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना प?ेगा। खुशी की बात है कि मुरार अस्पताल के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने हाल ही में 20 करो? रूपए की धनराशि मंजूर की है।

मुरार जिला चिकित्सालय में आयोजित हुए स्वास्थ्य सेवाओं के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभूराम चौधरी व ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व विधायक श्री सतीश सिकरवार बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। साथ ही पूर्व विधायकगण सर्वश्री मुन्नालाल गोयल, रामवरण सिंह गुर्जर व मदन कुशवाह, साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री जय सिंह कुशवाह व श्री राकेश जादौन, श्री जितेन्द्र गुर्जर, श्री अशोक जैन व श्री अशोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखकर जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है। साथ ही आधुनिक गहन चिकित्सा इकाई व सीटी स्कैन सहित अन्य सुविधायें जुटाई गई हैं। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या भी ब?ाई जा रही है, जिसके लिये धनराशि मंजूर हो चुकी है। उन्होंने कहा लगभग 45 वर्ष पहले मुरार में शुरू हुए इस छोटे से अस्पताल ने अब वटवृक्ष की तरह विशाल रूप ले लिया है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इस अवसर पर यह भी कहा कि जनसेवा के पथ पर सभी जनप्रतिनिधि मिलकर ग्वालियर के विकास के लिये कार्य करेंगे। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन के लिये प्रदेश सरकार ने 20 करो? रूपए की धनराशि स्वीकृत की है। चिकित्सालय में बच्चों के लिये भी गहन चिकित्सा इकाई का निर्माण कराया गया है। अगले दो महीने के भीतर सीटी स्कैन मशीन लग जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 230 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 166 ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो गए हैं। जिनमें ग्वालियर के 4 ऑक्सीजन प्लांट शामिल हैं। डॉ. चौधरी ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल हजीरा का भी आधुनिकीकरण और उन्नयन प्रदेश सरकार करा रही है।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि मुरार जिला चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मुरार एवं उससे जु? ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला चिकित्सालय मुरार एवं सिविल हॉस्पिटल हजीरा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु धनराशि स्वीकृत करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी के प्रति आभार जताया।

क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के नए आयाम जु?ने से मुरार क्षेत्र के निवासियों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कोरोना संकट के समय सभी ने ऑक्सीजन की कमी को महसूस किया है। यहां ऑक्सीजन प्लांट लगने से अब यह समस्या नहीं रहेगी। डॉ. सिकरवार ने केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इसी तरह आगे भी क्षेत्र के विकास में सहयोग देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

#### गंभीर मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज और जेएएच से दबाव कम होगा

अत्याधुनिक आईसीयू के बनने से जिला चिकित्सालय मुरार में गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए नया आयाम जु?ा है। यहाँ पर गहन चिकित्सा इकाई शुरू होने से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के सबसे ब? अस्पताल जेएएच से भी मरीजों का दबाव कम होगा। गहन चिकित्सा इकाई वार्ड में गंभीर मरीजों के इलाज के लिए 20 पलंग का इंतजाम किया गया है।

#### अब ऑक्सीजन की नहीं रहेगी कमी

ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना से जिला चिकित्सालय में अब ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं रहेगी और निर्वाध रूप से जरूरतमंद मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी। प्लांट से प्रति मिनिट 200 लिटर अर्थात हर घण्टे 12 ह?ार लिटर ऑक्सीजन का उत्पादन होगा।

## जलकर जमा करने एवं नए कनेक्षन के लिए लगाया शिविर



ग्वालियर।। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन जल कनेक्शन एवं जल कर वसूली के लिए वार्ड वार शिविरों का आयोजन हो जा किया जा रहा है। शहर में गुरुवार को आयोजित शिविर में नागरिकों ने उत्साह दिखाया और बडी संख्या में उपस्थित होकर नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत कराए तथा अपने अवैध कनेक्शन को वैध कराया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आमजनों की सुविधा एवं जलकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने एवं अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जलकर उपभोक्ताओं को नवीन जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए सभी वार्डों में जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित ने बताया कि वार्ड 52 स्थित रेडियंट स्कूल तोमर कॉलोनी में आयोजित जलकर वसूली शिविर एवं नवीन नल कनेक्शन शिविर में 38 नवीन नल कनेक्शन स्वीकृत किए गए तथा 19000 रुपए जलकर जमा कराया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के लगभग 400 उपभोक्ताओं से बकाया जलकर जमा करने हेतु संपर्क किया गया। शिविर में उपयंत्री श्री राजकुमार भटनागर एवं सूरज प्रताप उपस्थित रहे।

## फोगिंग एवं कीटनाषक दवाओं का छिड़काव कर, लार्वा मिलने पर वसूला जुर्माना




**ग्वालियर।**

शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है तथा वर्तमान में बारिश के मौसम में में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत निगम के अमले द्वारा विभिन्न स्थानों पर, बस्तियों, मोहल्लों आदि क्षेत्रों में पंहुचकर फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया। इसके साथ ही बडी मशीन द्वारा भी शहर के विभिन्न स्थानों पर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कराया गया। स्वास्थ्य अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आज गुरुवार को शकुंतलापुरी, सारिका नगर, आदित्यपुरम, शताब्दीपुरम, थाटीपुर बजरिया, कुंदन नगर, सिद्ध बाबा चौक, कैलाश टॉकीज क्षेत्र, चित्रगुप्त गंज, जाटव मोहल्ला, तारागंज, दर्पण कॉलोनी, गदाईपुरा, हनुमान नगर, बुधविहार, गोले का मंदिर, पान पत्ते की गोठ, बजाज खाना, मुरार, सिकंदर कंपू एवं गोरखी इत्यादि के साथ ही शहर की विभिन्न कॉलोनियों एवं बस्तियों में फोगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया। वहीं मलेरिया विभाग की टीम के साथ घर घर जाकर डेंगू के लार्वा का सर्वे भी किया गया। जिसमें आदित्यपुरम में डेंगू का लार्वा मिलने पर 200 रुपए का जुर्माना एवं मुरार क्षेत्र में दो जगह 100-100 रुपए का जुर्माना किया गया।

## जल जीवन मिशन के तहत कांसेर एवं टेकनपुर के घर-घर में मिलेगा टोंटी से पानी

### दोनों ग्राम पंचायतों की नल-जल योजनाओं का लोकार्पण

ग्वालियर। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले की टेकनपुर और कांसेर ग्राम पंचायत में शतप्रतिशत घरों में नल कनेक्शन प्रदाय करने के साथ ही टोंटी से घरों में पानी मिलना प्रारंभ हो गया है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को टेकनपुर में आयोजित समारोह में दोनों गाँवों की नल-जल योजनाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की।

इस मौके पर प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री मोहन सिंह राठौर, श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित जनप्रतिनिधि और ब?ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सम्पूर्ण देश में 2024 तक प्रत्येक गाँव में ग्रामवासियों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराकर टोंटी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (जल जीवन मिशन) का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब बदरवास स्टेशन पर भी रूकेगी इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस



**केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर से वर्चुअल दिखाई हरी झण्डी**

ग्वालियर। शिवपुरी जिले के बदरवास स्टेशन पर अब 09307 इंदौर-चंडीग? और 09308 चंडीग?-इंदौर साप्ताहिक ट्रेन रूकेगी। इससे इस अंचल के लोगों को आवागमन की ब?ी सुविधा मिल गई है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को ग्वालियर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से इस ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झण्डी दिखाकर बदरवास स्टेशन से आगे के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदरवास स्टेशन के विकास के लिये रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने चार करो? की धनराशि मंजूर कर दी है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर, शिवपुरी, गुना व अशोकनगर रेल सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हर रेलवे बजट में इन क्षेत्रों के लिये उन्होंने सौगातें दिलाने के प्रयास किए हैं जो सफल भी हुए हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर को जल्द ही वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। आगामी वर्ष 2022 में दिल्ली ङ्क ग्वालियर - भोपाल वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की घोषणा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि म्याना में भिण्ड-रतलाम एक्सप्रेस और पिपरई में साबरमती एक्सप्रेस के स्टॉपेज हो गए हैं।

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दीनदयाल रसोई वाहन को दिखाई हरी झण्डी

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में प्रदेश सरकार की पहल पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और जरूरतमंदों को सस्ती दर पर भोजन मुहैया कराने के लिये संचालित दीनदयाल रसोई में एक और नया आयाम जु?ा है। ग्वालियर नगर निगम ने भोजन पकाने की सुविधाओं सहित एक और वाहन तैयार कराया है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर इस वाहन को शहर के लिये रवाना किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल व साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्वालियर टूरिज्म को लेकर उपयोगी सुझाव दिए। इस दौरान संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### 'हमारे अटल प्यारे अटल' सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन इस वर्ष भव्यता के साथ आयोजित होगा

**सांसद श्री शेजवलकर की अध्यक्षता में हुई बैठक**

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाला ÷हमारे अटल प्यारे अटल÷ सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष भव्यता के साथ आयोजित होगा। क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की उपस्थिति में गुरूवार को बाल भवन में आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। हमारे अटल प्यारे अटल÷ समारोह और कवि सम्मेलन के आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, वरिष्ठ साहित्यकार श्री मदन मोहन दानिश, जनसंपर्क अधिकारी श्री मधु सोलापुरकर उपस्थित थे। बैठक में आयोजन की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही कवियों के नाम पर विचार-विमर्श करने के साथ ही चयन समिति द्वारा इस वर्ष अटल सम्मान के लिये भी शीघ्र ही निर्णय लेने की बात कही गई।

## चलने में असमर्थ पिंक्सी को अधिकारियों ने उनके वाहन पर ही प्रदान किया राजीव आवास योजना का पटटा




ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की सम्पदा शाखा के अधिकारियों द्वारा दिव्यांग कुमारी पिंक्सी भदौरिया पुत्री श्री रविन्द्र सिंह भदौरिया जो कि चलने फिरने में असमर्थ थीं, उनको कार्यालय के बाहर उनके वाहन पर ही उन्हें पटटा प्रदान किया गया। इसके साथ ही श्री विकास पुत्र श्री चोखेलाल एवं श्रीमती राधादेवी पत्नी श्री सुनील को राजीव आवास योजना के तहत पटटा प्रदान किया गया।

नोडल अधिकारी सम्पदा शाखा श्री अरविन्द्र चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सम्पदा शाखा द्वारा शाखा में लंबित आवास आदि के सभी प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। आवेदक दिव्यांग कुमारी पिंक्सी भदौरिया पुत्री श्री रविन्द्र सिंह भदौरिया, श्री विकास पुत्र श्री चोखेलाल एवं श्रीमती राधादेवी पत्नी श्री सुनील द्वारा राजीव आवास योजना के अंतर्गत आवास के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके चलते आज गुरुवार को दिव्यांग कुमारी पिंक्सी भदौरिया पुत्री श्री रविन्द्र सिंह भदौरिया को महलगांव पैकेज में भवन क्रमांक एम एस -12 का पटटा प्रदान किया गया। इसके साथ ही श्री विकास पुत्र श्री चोखेलाल को शर्मा फार्म नम्बर 2 पर आवास क्रमांक सी एफ-11 एवं श्रीमती राधादेवी पत्नी श्री सुनील को राजीव आवास योजना के अंतर्गत महलगांव पैकेज में भवन क्रमांक एम एस -02 आवास का पटटा शाखा प्रभारी श्री सुरेन्द्र जैन द्वारा प्रदान किया गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478